आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 71 | उज्जैन, शनिवार 28 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# फसल अच्छी रहेगा, बारिश खुब होगी, 7 मावठा रहेगा







दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

नगर के ग्राम गोठड़ा में स्थित श्री महिषासुरमर्दनी माता मंदिर से परंपरानुसार चेति नवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान व मलेनी नदी पर पंडा नागुलाल चौधरी द्वारा भविष्यवाणी सुनने हजारों की संख्या में किसानगण, व्यापारीगण, राजनेता उपस्थित रहे। नवरात्रि समापन पर नवचंडी यज्ञ की पूणार्हुति पश्चात माता की महाआरती की गई। ज्वारे की बाड़ी के साथ मलेनी नदी पर पहुंचकर वार्षिक भविष्यवाणी की गई। आस्था केन्द्र होने से हजारो की संख्या में मलेनी तट पर एकत्रित हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, जनपदपंचायत अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पॅवार उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन एसडीओपी आंकाक्षा बेछोटे, एसडीएम नेहा साहु, थानाप्रभारी धनसिंह नलवाया अपने दल-बल के साथ व्यवस्था का देखते रहे।

पंडा नागुलाल चौधरी द्वारा मलेनी तट के चबुतरे से कहा कि इस साल सावन में आधा सावन कोरा और आधा सावन में अच्छी वर्षा होगी, भादवा में खुब पानी गिरेगा। गेहूॅ, चना, लहसुन, मैथी सातों फसल की पैदावार अच्छी रहेगी और फसलों के भाव भी अच्छे रहेंगे। सोयाबीन में इल्लीयॉ लगेगी। कार्तिक वैशाख में बीमारी खुब रहेगा ध्यान रखना, बोवनी 2 है बैठता आसाढ व उतरता आसाढ और कहीं-कहीं तीसरी बोवनी होगी। राजनीति में बहुत उठापटक होगी, देश विदेश मे महाभारत जैसी लड़ाई चलती रहेगी। सरकारे थक जायेगी। काली वस्तुंओ पर भार रहेगा। सोना-चॉदी की उठापटक में किसान पड़ो मत। अपना-अपना घरा में बहन-बेटियों का ध्यान रखों नही तो जाति संबंध खत्म होगा अपना घर सुधारो। कलयुग में नई-नई परेशनीयॉ सामने आयेगी। खेत हॉकवा को मोहरत तेरस मंगलवार दोपहर 2.30 बजे से 7 बजे तक जिन किसानों के पास बैल हो वो हॉकना जिन किसानों के पास नही है हाथ के पंजे से मोहरत करना। मावठा सात है। गौसेवा की पुजा करो, हनूमानजी व नगरदेवता का पुजन करो वो ही बेड़ा पार करेगे।

एक अप्रैल से लागू होंगे नए रेट; दिन में ईवी चार्ज करने पर 20 प्रतिशत छूट

# मप्र में बिजली की दरें 4.80% बढ़ीं

## बिजली कंपनियों का कहना है कि उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में बिजली की दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे।

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, इस बार घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक और कृषि श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं।

नए टैरिफ आदेश में लो टेंशन उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जिनके लिए न्यूनतम शुल्क समाप्त कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पहले की तरह स्लैब सिस्टम लागू रहेगा, जिसमें कम खपत पर कम और अधिक खपत पर ज्यादा दर से बिल लिया जाएगा। वहीं, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लोड और खपत के आधार पर रेट लगेगा।

इंडस्ट्रियल कस्टमर के लिए स्थायी शुल्क और ऊर्जा शुल्क अलग-अलग तय किए गए हैं जबकि कृषि उपभोक्ताओं को चरणबद्ध दरों के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।



इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए भी नए टैरिक आदेश में विशेष प्रावधान किए गए हैं। एश चार्जिंग स्टेशनों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली उपयोग पर 20% की छूट मिलेगी जबकि दूसरे समय में 20% अतिरिक्त शुल्क देना होगा। बिजली कंपनियों का कहना है कि उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब है और वे बहुत बड़े घाटे में चल रही हैं। प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां (पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र) कुल मिलाकर 42,375 करोड़ रुपए के भारी घाटे में हैं यानी पुराने सालों का जमा हुआ नुकसान बहुत ज्यादा है। कंपनियों का दावा है कि 2014-15 से 2022-23 तक उनके द्वारा मांगे गए 3,451 करोड़ रुपए के बढ़ोतरी प्रस्तावों को राज्य विद्युत नियामक आयोग ने मंजूर नहीं किया।

### ऐसे जारी होंगे उपभोक्ताओं के बिल घरेलू उपभोक्ता (एलवी-1)

- **30 यूनिट तक फिक्स चार्जः** शून्य ऊर्जा शुल्कः 372 पैसे/यूनिट
- **50 यूनिट तक शहरी फिक्स चार्जः** 81/कनेक्शन ग्रामीण फिक्स चार्जः 67/ कनेक्शन ऊर्जा शुल्कः 471 पैसे/यूनिट
- **51-150 यूनिट शहरी फिक्स चार्जः** 134 ग्रामीण फिक्स चार्जः 111 ऊर्जा शुल्कः 567 पैसे/यूनिट
- **151-300 यूनिट ऊर्जा शुल्कः** 705 पैसे/यूनिट 300 यूनिट से अधिक ऊर्जा शुल्कः 724 पैसे/ यूनिट
- गैर-घरेलू (एलवी-2) 10 केडब्ल्यू तक शहरी फिक्स चार्जः
- 172/केडब्ल्यू ग्रामीण फिक्स चार्जः 141/केडब्ल्यू ऊर्जा शुल्कः 700 पैसे/यूनिट
- 10 केडब्ल्यू से अधिक ऊर्जा शुल्कः 720 पैसे/ यूनिट
- सार्वजनिक उपयोग (एलवी-3) नगर निगम 389 638 पैसे ग्राम पंचायत 208 610 पैसे
- उद्योग (एलवी-4) ऊर्जा शुल्कः लगभग 705 पैसे/यूनिट छोटे उद्योगों को 30% तक राहत (कुछ शर्तों के साथ)
- कृषि (एलवी-5) पहले 300 यूनिट- 533 पैसे/ यूनिट 300-750 यूनिट- 636 पैसे/यूनिट
- इससे अधिक यूनिट - 664 पैसे/यूनिट
- ईवी चार्जिंग (एलवी-6)
- ऊर्जा शुल्कः 744 पैसे/ यूनिट दिन (9 से 5 बजे तक ): 20% छूट अन्य समयः 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क
- हाई टेंशन (एचटी) उपभोक्ता रेलवे (एचवी-1) फिक्स चार्जः 354 ऊर्जा शुल्कः 626 पैसे/यूनिट
- कोयला खदान (एचवी-2)
- 761 से 611 पैसे/यूनिट (लोड फैक्टर के अनुसार) उद्योग व मॉल (एचवी-3)

# सरकार ने कहा- देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा

## एलपीजी प्रोडक्शन 40 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को साफ किया है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है।

वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने भी शुक्रवार को बताया कि देश में लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरी 100 फीसदी कैपेसिटी से काम कर रही हैं। देश में एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा है। इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रियों की कमेटी का गठन किया है।




संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लॉकडाउन की अफवाह कौन उड़ा रहा है। पीएम ने साफ तौर पर कहा था कि पैनिक नहीं होना है। आम लोगों को तकलीफ न हो इसके लिए टॉप लेवल से लेकर नीचे लेवल तक, यहां तक कि पीएम खुद मॉनीटर कर रहे हैं।

### कीमतें बढ़ीं, सप्लाई प्रभावित

पश्चिम एशिया के संघर्ष से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हुए, सप्लाई चेन पर असर पड़ा। देश में अगले 2 महीनों के लिए कच्चा तेल उपलब्ध है। एलपीजी, एलएनजी और पीएनजी की सप्लाई भी पहले की तरह जारी है। सरकार ने पहले कॉमर्शियल सप्लाई घटाई, फिर धीरे-धीरे बढ़ाकर अब 70 प्रतिशत तक कर दी। 14 मार्च से अब तक 30,000 टन एलपीजी सप्लाई की गई। रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई है। कुछ जगहों पर लंबी कतारें दिखीं, लेकिन सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के 4 दिन पहले संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुईं।

## चुनाव ड्यूटी ट्रेनिंग में सीएम ममता का विज्ञापन दिखाया, विरोध करने पर पोलिंग अधिकारी से मारपीट

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव ड्यूटी ट्रेनिंग में प्रोजेक्टर पर सीएम ममता बनर्जी से जुड़ा सरकारी विज्ञापन दिखाया गया। रानाघाट में ट्रेनिंग सेशन में कुछ पोलिंग अधिकारियों ने इस पर आपत्ति जताई। चुनाव ड्यूटी में लगे सैकत चट्टोपाध्याय ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और धमकी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू होने के बाद ऐसा कंटेंट नहीं दिखाया जाना चाहिए। घटना के बाद कई पोलिंग कर्मचारियों ने ट्रेनिंग सेशन रोक दिया और मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ समय के लिए इलाके में तनाव की स्थिति भी रही।

असम असेंबली इलेक्शन में कुल 722 कैंडिडेट मैदान में हैं। 26 मार्च को नॉमिनेशन वापस लेने के आखिरी दिन 67 कैंडिडेट ने नाम वापस ले लिया। तमिलनाडु इलेक्शन के बीच चुनाव आयोग ने 77 करोड़ रुपए की ज्वेलरी जब्त की है। अब तक 189 करोड़ रुपए के कैश और गिफ्ट आइटम जब्त। शशि थरूर ने कहा कि केरल में लोग बदलाव चाहते हैं।

स्वर्ण जड़ित पीतांबर पहनाया

## रामलला का सूर्य तिलक, 9 मिनट ललाट पर पड़ीं किरणें, पंचामृत से अभिषेक

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक हुआ। 9 मिनट तक भगवान के ललाट पर नीली किरणें पड़ीं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह दूसरा सूर्य तिलक है। पीएम मोदी ने टीवी पर इसे लाइव देखा।

सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। इस दौरान 14 पुजारी गर्भगृह में मौजूद रहे। उन्होंने विशेष पूजा और आरती की। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रामलला को 56 तरह के व्यंजन का भोग लगाया गया। सूर्य तिलक के लिए



अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम बनाया गया है। 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।

गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। सुबह 5.30 बजे रामलला को पीतांबर पहनाया गया। फिर आरती की गई। आज आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएं।

# सेना 800 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है।

रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है। भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है।

# महाराष्ट्र में एक और बाबा पर दुष्कर्म का केस

## खुद को शिव अवतार बताकर शोषण किया

एजेंसी ▸▸ पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक स्वयंभू बाबा के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने खुद को भगवान शिव का अवतार बताकर पुणे की 35 साल की महिला के साथ कई बार रेप किया।

आरोपी की पहचान 40 साल के हृषिकेश वैद्य के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में नासिक में एक अन्य स्वयंभू बाबा अशोक खरात की गिरफ्तारी के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर शिकायत दर्ज कराई।

नासिक पुलिस ने 18 मार्च को 67 साल के ज्योतिषी अशोक खरात को 35 साल की महिला से बार-बार रेप करने और ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। खरात खुद को ऑस्ट्रेलियाई मर्चेंट नेवी का कैप्टन और कॉस्मोलॉजी एक्सपर्ट बताता था। उसके संपर्क में कई बड़े नेता भी थे। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने कई अन्य महिलाओं को भी फंसाकर उनका यौन शोषण किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।



### अश्लील तस्वीरें लेकर ब्लैकमेल करने का आरोप

पीड़ित का आरोप है कि बाबा ने महिला की बिना जानकारी के अश्लील तस्वीरें भी लीं। बाद में इन्हीं तस्वीरों के जरिए महिला को ब्लैकमेल किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मई 2025 में आरोपी ने उसे पालघर के वसई के एक होटल में बुलाकर फिर से रेप करने की कोशिश की। वसई के माणिकपुर पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर हीरालाल जाधव ने बताया कि महिला नासिक के मामले से प्रेरित होकर सामने आई। चूंकि मुख्य घटना पुणे में हुई थी, इसलिए माणिकपुर पुलिस ने पहले जीरो एफआईआर दर्ज की और बाद में जांच को पुणे के पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया।

## देश विदेश

### नेपाल में बालेन शाह सबसे युवा प्रधानमंत्री बने


**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार को बालेन्द्र (बालेन) शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 35 साल के बालेन देश के सबसे कम उम्र के पीएम बने। सांसद पद की शपथ के कुछ घंटे पहले उन्होंने रैप गाने के जरिए पहला संदेश जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचार, सिस्टम बदलाव और युवाओं का जिक्र किया। उन्होंने अपने गीत में कहा कि एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इस बार इतिहास बन रहा है। बालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 5 मार्च के चुनाव में जीत दर्ज की थी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि देश का भविष्य अब युवाओं के हाथ में है और नई सरकार से भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीद है। नई सरकार में मंत्रिमंडल का भी गठन शुरू हो गया है। सुधन गुरुंग को गृह मंत्री बनाया गया है, जिन पर देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी।

### कर्नाटक में पति ने बीच सड़क पत्नी का गला काटा, मौत

**कलबुर्गी।** कर्नाटक में एक व्यक्ति ने बीच सड़क पत्नी की हत्या कर दी। उसने पहले पत्नी का गला काटा, फिर कार से कुचल दिया। घटना के 2 वीडियो सामने आए है। घटना कलबुर्गी जिले के बल्लूरगी गांव के पास की है। वीडियो में आरोपी पत्नी के बाल पकड़कर उसे पीटता दिख रहा है, जबकि महिला मदद के लिए चीखती नजर आती है। पुलिस के मुताबिक, अक्षय अपनी पत्नी सान्वी के साथ गुरुवार सुबह तीर्थ स्थल गनागापुरा जा रहा था। दोनों मारुति सुजुकी अर्टिगा कार में थे। सुबह करीब 11 बजे रास्ते में दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद अक्षय ने शैला को गाड़ी से बाहर धक्का दे दिया। इसके बाद अक्षय बीच सड़क पर सान्वी का बाल पकड़कर पीटने लगा और हंसिए से गला काट दिया। फिर वह सान्वी को कार में बैठाकर खेत की तरफ ले गया। वहां पत्नी को जमीन पर लिटाकर कार चढ़ा दी। सान्वी की मौके पर ही मौत हो गई।

देखी धुरंधर 2

### चेहरा छुपाकर थिएटर पहुंचीं यामी गौतम



बहन सुरीली के साथ देखी, अपने कैमियो रोल को देखकर शमाईं

**मुंबई।** आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम छुपकर थिएटर में धुरंधर 2 देखने पहुंची हैं। फिल्म की सफलता के बीच एक्ट्रेस यामी गौतम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यामी अपनी बहन सुरीली गौतम के साथ गुपचुप तरीके से सिनेमाघर में यह फिल्म देखने पहुंचीं। खास बात यह रही कि थिएटर दर्शकों से भरा हुआ था, लेकिन किसी को पता नहीं चला कि उनके बगल में खुद फिल्म की एक्ट्रेस बैठी हैं। यामी गौतम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह थिएटर के अंदर बैठी नजर आ रही हैं। पहचान छुपाने के लिए यामी ने अपना चेहरा कवर कर रखा था। वीडियो में वह अपनी बहन सुरीली को इशारा करके चुप रहने को कह रही हैं ताकि आस-पास के लोग उन्हें पहचान न लें। यामी गौतम की बहन सुरीली गौतम ने इस फिल्म को 'मास्टरपीस' बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक बार फिर आदित्य धर को सलाम। हमें आप पर गर्व है। आपकी सफलता का जश्न मनाते हुए हम बहुत खुश हैं। सुरीली ने अपनी बहन यामी को अपनी 'ताकत और लक' बताते हुए उन्हें ढेर सारा प्यार दिया। यामी ने भी बहन का शुक्रिया अदा किया और वीडियो में अपने कैमियो (विशेष भूमिका) को देखकर शरमाती नजर आईं। 'धुरंधरः द रिवेंज' सिर्फ कमाई ही नहीं कर रही, बल्कि इतिहास रच रही है। रिलीज के महज 8 दिनों के अंदर इस फिल्म ने कुल 32 रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। फिल्म ने 8 दिनों में वर्ल्डवाइड 1,080 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस विधायकों में हाथापाई

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने खामेनेई के पोस्टर भी लहराए। हालांकि, ये विवाद भाजपा नेताओं के राहुल पर कमेंट को लेकर था। कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। जवाब में भाजपा विधायक युद्धवीर सेठी ने कहा, राहुल गांधी पप्पू हैं। इसके बाद दोनों नेताओं में हाथापाई होने लगी। वहीं, ईरान युद्द पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- ईरान पर यह युद्ध थोपा गया। मानवता की हत्या हुई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, हम ईरान के साथ खड़े हैं। हमारी पार्टी और जम्मू-कश्मीर की सरकार उनके साथ खड़ी है।

### पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत, मरने वालों में 5 महिलाएं

**कौशांबी।** कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और सीएचसी में चल रहा है। सभी लोग प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप से उछलकर लोग सड़क पर गिर गए। सड़क पर पड़े घायल तड़पते रहे। आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया, साथ ही पुलिस को सूचना दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पेनिक का एक पक्ष यह भी...

पेट्रोल पेनिक के मामले में अफवाह जिम्मेदार है , कुछ हद तक यह बात सच है लेकिन यह पूरा सच नहीं है। एक पक्ष यह भी सामने आ रहा है कि 17 मार्च 2026 से, देश की प्रमुख तीन सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंपों के लिए क्रेडिट (उधार) नीति स्थगित कर दी है, उसके बजाए अब ह्लपहले पैसा, फिर तेलह्व का नियम अनिवार्य कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने अभी तक पेट्रोल पंप के लिए शॉर्ट टर्म क्रेडिट पॉलिसी लागू कर रखी थी जहां मालिकों को तेल पहले मिलता था और पैसा बाद में भुगतान करना पड़ता था। पेट्रोल पंप के मालिकों को आगा – पीछा देखे बगैर ही 17 मार्च को साफ कह दिया गया कि 21 मार्च से पूरा अग्रिम भुगतान किए बिना सप्लाई नहीं की जाएगी। इस नीति ने भी एक दम असर किया 21 मार्च को शनिवार था और 22 को संडे और 23 को सोमवार। इसलिए छोटे शहरों गाँव कस्बों और इन जगहों से निकलने वाले हाइवे पर मौजूद इन पेट्रोल पंप मालिकों / डीलरों के पास जो तीन चार दिन का स्टॉक था वो खत्म हो गया तो उन्होंने अपने यहां कतार में लगे वाहन मालिकों के सामने हाथ ऊंचे कर दिए कि अब हम नया टैंकर नहीं मंगवा पाएंगे, नतीजतन ये लोग अपने इलाके के बड़े पंपों पर पहुंच गए और वहां फिर और भी भीड़ बढ़ने लगी।





जाहिर है कि इससे अफवाहों का बाजार ओर गर्म हो गया और इस चैन रिएक्शन से प्रभावित लोग घबरा कर पैनिक स्थिति में आ गए।पेट्रोल पंप के अलावा तेल कंपनियों ने एग्रीकल्चर सेक्टर के थोक खरीदारों, ट्रांसपोर्ट और उद्योगों को भी क्रेडिट पर तेल उपलब्ध कराना बंद कर दिया है और यह बात भी इस मौजूदा संकट के लिए जिम्मेदार है। इसके चलते हवा बनाने में कहीं न कहीं योगदान भी हुआ । पंप मालिकों में खुसूर-फुसूर है कि पम्प डीलर को लोड देने से पहले 10 सवाल पूछे जा रहे हैं, 20 % स्टॉक रहने पर ही नया लोड मिल रहा है इससे पहले नहीं, तीसरे अगर आप 20 के एल ऑर्डर करोगे तो 12 के एल ही मिलेगा, चौथे नेक्स्ट डे लोड नहीं मिलेगा, डे आफ्टर नेक्स्ट डे लोड मिलेगा।

## ट्रैंडिंग



ये वो बुआ है जो हर देश में झगड़े करवाती है, और कहती है कि मैं तो लड़ाई रुकवाती हूं।

### आरटीओं ने प्रारंभिक तौर पर कहा था,मेले में उसी आंकडे पर आया वाहन विक्रय

**लगातार तीसरे वर्ष रेकार्ड बनने की स्थिति**

# इस बार दो पहिया-चार पहिया वाहनों का विक्रय 40 हजार के नजदीक

## इस वर्ष सबसे महंगा 2.5 करोड का मर्सिडिज का वाहन पंजीबद्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लगातार तीसरे वर्ष विक्रम व्यापार मेला अपनी उंचाईयों को छूने को बेताब है। इस बार भी वाहन विक्रय का रेकार्ड कायम होने जा रहा है। गुरूवार तक 35 हजार 700 से अधिक वाहन विक्रय हो चुके थे और अभी तीन दिन शेष हैं। मेले की शुरूआत में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने इस बार विक्रय वाहनों की संख्या अनुमानित 40 हजार बताई थी जिसके नजदीक यह आंकडा आ पहुंचा है।

इस वर्ष 16 फरवरी से 19 मार्च के लिए उज्जैन में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन किया गया था। बीच में मौसम की गडबड को देखते हुए एवं अन्य कारणों को लेकर मेला अवधि 10 दिन बढाई गई है। इसके चलते मेला 29 मार्च तक चलेगा। आरटीओ संतोष मालवीय बताते हैं कि इस बार वाहन विक्रय की स्थिति में 27885 चौपहिया वाहन एवं 6121 दुपहिया वाहनों का विक्रय हो चुका है।



शुक्रवार से अभी मेले के तीन दिन शेष हैं ऐसे में वाहनों का विक्रय करीब 40 हजार के आसपास रह सकता है। मेले में खरीदे जा रहे बाइक, कार एवं अन्य निजा वाहनों जैसे गैर व्यवसायिक परिवहन वाहनों पर मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### इंजीनियरिंग कालेज परिसर में दुसरा वर्ष

मेले में चौपहिया वाहनों की 123 दुकानें, दोपहिया वाहनों की 40 दुकानें और फूड जोन की 60 दुकानें सहित कुल 223 दुकानें हैं। ग्वालियर की तर्ज पर उज्जैन में वाहन विक्रय मेले की शुरूआत वर्ष 2024 में दशहरा मैदान पर हुई थी। कालिदास अकादमी एवं पीजीबीटी के मैदानों सहित तीन हिस्सों में मेला लगा था। वहां जगह की कमी को देखते हुए इसे वर्ष 2025 में इंदौर रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर वाहन मेले की शुरूआत हुई थी। 2024 में पहले साल 23705 वाहन बिके थे। वर्ष 2025 के मेले में 36225 वाहन बिके। इस बार मेले का यह तीसरा आयोजन है।

### अनुमान के करीब पहुंचे

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय बताते हैं कि अभी तक 2.5 करोड का मर्सिडिज का वाहन पंजीयन के लिए किया है। पंजीयन की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। आगे और भी महंगे वाहनों के पंजीयन की स्थिति सामने आ सकती है। उनके अनुसार मेले की शुरूआत में ही मुझे करीब 40 हजार के लगभग वाहन विक्रय का अनुमान था । वर्ष 2025 में कुल 36225 वाहन बिके थे। अभी मेले में तीन दिन शेष हैं, ऐसे में उम्मीद है कि यह रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है।

# भैरव महाराज पूजने गए देवास के परिवार पर पोलाय में मधुमक्खियों का हमला, आधा दर्जन घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर जिले के पोलायकलां में देवास के ग्राम गनोरा के परिवार पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को पोलायकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार दिया जा रहा है। परिवार भैरव महाराज की पूजा करने यहां पहुंचा था।

आस्था की पूजा के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने ऐसा हमला बोला कि खुशियों का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। शाजापुर जिले के पोलायकला में उस वक्त हड़कंप मच गया।

जब भेरू महाराज की पूजा कर रहा एक परिवार अचानक मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गया। पोलाय कलां के वार्ड-9 स्थित शिवालय के पास ह्यमाली की बाड़ीह्व में देवास जिले के जनोरा से आया परिवार पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में जुटा था।करीब 20 लोग अनुष्ठान में शामिल थेह्न लेकिन तभी एक छोटी सी लापरवाही भारी पड़ गई। पूजा के दौरान जलाई गई अगरबत्तियों का धुआं पास ही पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते तक पहुंच गया।धुएं से बौखलाई मधुमक्खियां अचानक आक्रामक हो गईं। और देखते ही देखते हजारों की संख्या में पूजा कर रहे परिवार पर टूट पडी।

मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे , इस दौरान मधुमक्खियों ने उन्हें अपना ढंक दंश दे दिया। चीख-पुकार और भगदड़ के बीच चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोलायकला ले जाया गया। घायलों में राज पिता रामनिवास 18 वर्ष, मीना पति रामप्रसाद 32 वर्ष, गायत्री बाई पति रामनिवास 35 वर्ष, रामनिवास पिता रामगोपाल 40 वर्ष निवासी ग्राम गनोरा जिला देवास के साथ ही अन्य को भी मधुमक्खियों के ढंक लगे हैं। नामजद चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। अन्य को सामान्य उपचार दिया गया है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक उमर फारूख खान ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से सभी की हालत फिलहाल स्थिर है। ज्यादा प्रभावितों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। सभी की हालत नियंत्रण में हैं।

# 2 करोड़ से संवरेगा कालिदास उद्यान... शिप्रा तट पर बनेगा नया आकर्षण का केंद्र

## पुराने ढांचे का कायाकल्प, जल स्त्रोतों के पुनः उपयोग और हरित विकास पर फोकस.. चक्रतीर्थ पर सुदर्शन चक्र भी बढ़ाएगा सुंदरता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कालिदास उद्यान के व्यापक कायाकल्प की योजना अब अमल में आ गई है। शिप्रा नदी तट स्थित इस ऐतिहासिक कालिदास उद्यान को करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से विकसित कर रमणीक और आधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा।

निगम द्वारा संबंधित एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है, जिससे स्पष्ट है कि परियोजना अब योजना से क्रियान्वयन चरण में प्रवेश कर चुकी है।लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग के प्रभारी शिवेंद्र तिवारी ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि उद्यान का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

आवागमन और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार होगा।पुराने ढांचे को हटाने के बजाय री-डेवलपमेंट मॉडल अपनाया जाएगा।

### केवल सुंदरता नहीं, उपयोगिता भी

उद्यान विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा के अनुसार उक्त उद्यान का कुछ हिस्सा चौड़ीकरण में भी आ रहा है शेष भाग में शीघ्र ही काम करवाया जाएगा। परियोजना में सिर्फ सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि सस्टेनेबल (टिकाऊ) डेवलपमेंट पर भी जोर रहेगा।दो पुराने कुओं (बावड़ियों) की सफाई कर पानी का उपयोग हरित क्षेत्र का विस्तार और रखरखाव प्रणाली मजबूत करना।

### चक्रतीर्थ पर सुदर्शन चक्र

इसके पश्चात चक्रतीर्थ पर महापौर मुकेश टटवाल की मंशानुरूप निर्मित हो रहे सुदर्शन चक्र के निर्माण स्थल का भी अवलोकन किया गया। यह निर्माण महापौर मुकेश टटवाल की पहल पर हो रहा है। महापौर निधि से बन रहा यह भव्य सुदर्शन चक्र नया आकर्षण बनेगा।

आसपास के उद्यानों को भी हरा-भरा और व्यवस्थित किया जाएगा। इस दौरान उद्यान विभाग के अधिकारी दीपक शर्मा, सहायक यंत्री श्यामसुंदर शर्मा, उपमंत्री प्रवीण वाडिया, हरीश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### निरंजनी अखाड़े में हुआ कन्या पूजन, रामनवमी पर पारंपरिक कार्यक्रम में जुटे सभी अखाड़ों के साधु संत, संतो का समागम एवं भंडारा, शहर के अन्य मंदिरों में भी उमड़ा सैलाब

# रामनवमी पर शहरभर में धार्मिक आयोजनों की रही धूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को शहर में धार्मिक आस्था का व्यापक वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं कई स्थानों पर कन्या भोज के आयोजन भी किए गए।

शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे हरसिद्धि माता मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर, भूखी माता मंदिर और विभिन्न राम मंदिरों में विशेष भीड़ देखी गई। मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार, अभिषेक और पूजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है, जिसे शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक निभाया। कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने सामूहिक कन्या भोज का आयोजन कर परंपरा का निर्वहन किया।

बड़नगर रोड स्थित स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज सहित संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतो एवं श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में संतों ने कन्याओं के चरण पूजकर उन्हें चुनरी, प्रसाद एवं उपहार भेंट किए। रवींद्र पुरी महाराज ने स्वयं कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और कहा कि सनातन परंपरा में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है।



### सनातन धर्म में एकता और समरसता का संदेश

इस अवसर पर रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म सभी को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि अखाड़ा परिषद ने हमेशा सर्व समाज को जोड़ने का कार्य किया है और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया।

**गंगा दशहरा पर विशेष जलाभिषेक की घोषणाः** रवींद्र पुरी महाराज ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि अखाड़ा परिषद द्वारा विभिन्न वर्गों से संतों को सम्मानित कर महामंडलेश्वर एवं जगतगुरु जैसे पदों पर प्रतिष्ठित किया गया है, जिससे समाज में समरसता और समानता का भाव मजबूत हुआ है। इस अवसर पर जूना अखाड़े के विद्या भारती जी महाराज, आहान अखाड़े के सेवानंद गिरी जी, महानिवार्णी के मुकुंदपुरी जी महंत सुरेश्वरानंदपुरी, महंत देवगिरी जी, महंत प्रणवा नंद जी, ऋणमुक्तेश्वर महादेव के महंत महावीर नाथ जी, सहित अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, हेमंत सेन, सहित साधु महात्मा एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ ने किया स्वागत सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी एवं टीम के द्वारा दिनांक 25.03.2026.को उज्जैन हेली पेड़ पुलिस लाईन उज्जैन पर मध्य प्रदेश शासन के हमारे लोकप्रिय यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को जन्मदिन की बधाई देते हुये व महाकाल का दुपट्टा ओड़ाकर एवं कर्मचारी हितेषी मुख्यमंत्री जिन्दा बाद जिन्दा बाद के नारे लगाते हुये भव्य रूप से स्वागत सम्मान किया गया।

इसी के साथ उज्जैन जिला प्रभारी मंत्री जी माननीय श्री गौतम टेटवाल जी का भी महाकाल का दुपट्टा ओड़ाकर स्वागत सम्मान किया गया।



सुल्तान सिंह शेखावत से भी मुलाकत भेंट की गई। इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी, उज्जैन जिला अध्यक्ष, श्रीमती वर्षा कच्छवाय जी बीजेपी से जिला मंत्री, मुकेश रायकवार, उज्जैन जिला सचिव, मोह, गुलशन मंसुरी जी उज्जैन संभाग एवं उज्जैन जिला अध्यक्ष। यह जानकारी जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने दी।

# चौड़ीकरण को लेकर वार्ड-1 में विरोध तेज, सड़क पर उतरी कांग्रेस

## प्रदर्शन के दौरान भेरूगढ़ स्थित शनि मंदिर से उन्हेल चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर विवाद एक बार फिर उभरकर सामने आया है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 1 में इस मुद्दे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने स्थानीय नागरिकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों के निर्धारित समय से देर से पहुंचने पर नाराज भाटी सड़क पर बैठ गए, जिससे स्थिति और अधिक गरमा गई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चौड़ीकरण की कार्रवाई बिना पर्याप्त संवाद, नोटिस और पुनर्वास योजना के की जा रही है। उनका कहना है कि वर्षों से रह रहे परिवारों को हटाने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था और उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसे लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली को 'मनमानी' और 'गरीब विरोधी' बताया गया।

प्रदर्शन के दौरान भेरूगढ़ स्थित शनि मंदिर से उन्हेल चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें स्थानीय रहवासी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वार्ड पार्षद निकिता परमानंद भी प्रदर्शन में मौजूद रहीं।

तहसीलदार मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव अजय राठौर, पार्षद निकिता मालवीय, परमानंद मालवीय, अभिषेक शर्मा, राहुल लोट, हिमांशु शुक्ल, श्याम जटिया, चंदू यादव, असरार मामू, भास्कर लोट, नारायण काका, मिथिलेश परमार, विजय भाटी, सीमा जोशी आदि उपस्थित थे।



नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

उज्जैन | इंदौर | शनिवार, 28 मार्च, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### मिस इंडिया एक्सक्विजिट ईशा अग्रवाल ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015 ईशा अग्रवाल उज्जैन पहुंचीं, जहां उन्होंने गुरुवार सुबह महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। ईशा अग्रवाल तड़के आयोजित भस्म आरती में शामिल हुईं। उन्होंने मंदिर में पूजा कर देश-विदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में वे पीली साड़ी में नजर आईं। गले में माला और माथे पर त्रिपुण्ड लगाए उन्होंने पूजन-अर्चन किया। ईशा अग्रवाल मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015, मिस इंडिया इंटरनेशनल 2017 और मिस ब्यूटी टॉप ऑफ द वर्ल्ड 2019 जैसे खिताब जीत चुकी हैं। ईशा अग्रवाल मॉडलिंग के साथ हिंदी और साउथ इंडियन फिल्मों में काम कर रही हैं। उन्होंने अलग-अलग पेजेंट में भाग लेकर कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

### 61 प्याऊ जल सेवा का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुभारंभ



**उज्जैन।** सनातन क्लब अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 53 पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार द्वारा 61 प्याऊ की स्थापना शहर के प्रमुख चौराहे, अस्पताल और मंदिरों में ग्रीष्म ऋतु के अवसर पर निरंतर जल सेवा हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री जल सेवा की पहल की गई। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा सर्किट हाउस पर किया गया। क्लब संयोजक करण परमार ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदेश की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। उनके नेतृत्व में सुशासन के साथ निरंतर विकास हो रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सनातन क्लब के सभी सदस्यों के योगदान से जल सेवा की पहल की जा रही है।

### उज्जैन पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**उज्जैन।** अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर देश में अखाड़ों और अखाड़ा परिषद को समाप्त करने की मांग की है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने पत्र में कहा कि सनातन धर्म में मूल रूप से ऋषि-मुनि परंपरा रही है, न कि अखाड़ों की। उनका कहना है कि अखाड़ों की स्थापना जिस उद्देश्य से की गई थी, वह अब पूरा हो चुका है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आदि शंकराचार्य द्वारा लगभग ढाई से तीन हजार वर्ष पूर्व सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों की स्थापना की गई थी। लेकिन वर्तमान में कई अखाड़ों में साधु-संत पद, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्य को लेकर आपसी विवादों में उलझे हुए हैं। हाल ही में उज्जैन में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए महासंघ ने कहा कि ऐसी घटनाएं सनातन धर्म की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। महासंघ ने आरोप लगाया कि आज कई अखाड़े व्यावसायिक केंद्र बनते जा रहे हैं।

### इंदौर शहर में चल रहे दो बैटरी वाले रिक्शा होंगे बंद

**इंदौर।** शहर में कुछ आटोमोबाइल शोरूमों से दो बैटरी वाले रिक्शा बेचे जा रहे हैं। इन रिक्शा के कारण पहले हादसा हो चुका है। हादसे की पुनरावृत्ति को रोकने और कल ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुई घटना को देखते हुए अब दो बैटरियों वाले रिक्शा का संचालन बंद किया जाएगा। जल्द ही इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस कड़े कदम उठाएगी। तीन माह पहले एमजी रोड थाना क्षेत्र में दो बैटरी वाले रिक्शा से महिलाएं बड़ा गणपति की तरफ जा रही थी, लेकिन बैटरी फटने से महिला सवारी घायल हो गई थी। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने रिक्शा चालक पर केस दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया था। वर्तमान में 50 से अधिक रिक्शा दो बैटरी से दौड़ रहे हैं। वहीं अन्य रिक्शा सिंगल बैटरी वाले हैं।

### दूध लेने निकली 9वीं की छात्रा रहस्यमयी ढंग से लापता

**इंदौर।** गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पितावली में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा के अचानक लापता हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पितावली निवासी मलखान सिंह की नाबालिग बेटी 24 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे घर से दूध डेयरी जाने के लिए निकली थी, लेकिन आज तक भी वापस नहीं लौटी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने गांव, आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों में सघन तलाश अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही संभावित स्थानों और संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

---

**एयरपोर्ट बनने से यात्रियों का बड़ा हिस्सा सीधे हवाई मार्ग से पहुंचेगा**

# सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन में एयरपोर्ट 'मिशन मोड' में

### एयरपोर्ट को ट्रैफिक मैनेजमेंट टूल के रूप में देखा जा रहा है
### अब तक सड़क और रेल नेटवर्क पर अत्यधिक दबाव रहता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



केंद्र सरकार के 100 नए एयरपोर्ट विकसित करने के फैसले के बाद महाकाल की नगरी उज्जैन में एयरपोर्ट प्रोजेक्ट ने मिशन मोड पकड़ लिया है। सिंहस्थ-2028 से पहले इसे चालू करने की रणनीति के साथ अब प्रशासनिक, राजनीतिक और आर्थिक हलचल तेज हो गई है।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित करने के निर्णय ने उज्जैन को बड़ी सौगात दी है। इस फैसले के तुरंत बाद दताना एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर राज्य स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। अब फोकस साफ है- सिंहस्थ से पहले हर हाल में एयरपोर्ट चालू करना।

### 15 करोड़ श्रद्धालु पहुंचने का अनुमान

उज्जैन, जहां ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के दर्शन के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, वहां महाकुंभ सिंहस्थ-2028 के दौरान यह संख्या 15 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए एयरपोर्ट को ट्रैफिक मैनेजमेंट टूल के रूप में देखा जा रहा है। अब तक सड़क और रेल नेटवर्क पर अत्यधिक दबाव रहता है, लेकिन एयरपोर्ट बनने से यात्रियों का बड़ा हिस्सा सीधे हवाई मार्ग से पहुंचेगा, जिससे शहर और आसपास की सड़कों पर ट्रैफिक लोड कम होगा। प्रशासनिक स्तर पर टेंडर प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो चुकी है।

दताना में करीब 240 एकड़ जमीन पर एयरपोर्ट विकसित किया जाना है, जहां शुरुआती चरण में एटीआर-72 जैसे विमानों के संचालन की योजना है। वर्तमान 900 मीटर रनवे को बढ़ाकर 1800 मीटर करने का प्रस्ताव है, जिससे भविष्य में बड़े विमान और नाइट लैंडिंग भी संभव हो सकेगी।

### एयरपोर्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है

एयरपोर्ट बनने से पर्यटन, होटल इंडस्ट्री, ट्रांसपोर्ट और लाजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश बढ़ेगा। धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सिंहस्थ-2028 के संदर्भ में एयरपोर्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह न केवल श्रद्धालुओं की यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि आपदा प्रबंधन, मेडिकल इमरजेंसी और वीआईपी मूवमेंट के लिए भी त्वरित सुविधा प्रदान करेगा। कुल मिलाकर, केंद्र के फैसले के बाद उज्जैन एयरपोर्ट अब केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि भीड़ प्रबंधन, कनेक्टिविटी और आर्थिक विस्तार का रणनीतिक केंद्र बनकर उभर रहा है।



---

**गोताखोर इरफान ने निकला, रातभर से तलाश रही थी पुलिस**

# तालाब में मिला ढाई साल की लापता मासूम का शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





विष्णु सागर वाटिका से लापता हुई ढाई साल की मासूम का शव शुक्रवार सुबह गोताखोर इरफान उर्फ जुम्मा ने 10 मिनट की तलाश के बाद वाटिका के तालाब से बाहर निकाल लिया। पुलिस रातभर सड़कों पर मासूम बालिका की तलाश कर रही थी।

राजीव रत्न मल्टी नीलगंगा में रहने वाला सिख परिवार गुरुवार को पिकनिक मनाने के लिए विष्णु सागर वाटिका पहुंचा था। शाम 4 बजे के लगभग परिवार की ढाई वर्षीय मासूम रवनीत पिता मनमीत सिंह कौर अचानक लापता हो गई थी। परिवार में तलाश शुरू की वहीं मामले की जानकारी जीवाजीगंज थाना पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी विवेक कनोडिया टीम के साथ विष्णु सागर पहुंच गये। बालिका के विष्णु सागर तालाब में गिरने की आशंका जताई गई, रेस्क्यू के लिए होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। करीब 3 घंटे तक सर्चिंग की गई लेकिन मासूम का पता नहीं चला। पुलिस ने सड़कों पर तलाश शुरू की और पूरी रात तीन से चार थानों की पुलिस बालिका को तलाशती रही, सीसीटीवी कैमरे देखे गए लेकिन बालिका कहीं नजर नहीं आई। शुक्रवार सुबह फिर से तालाब में सर्चिंग अभियान शुरू कराया गया। तभी हेलावाड़ी क्षेत्र का रहने वाला गोताखोर इरफान उर्फ जुम्मा अपने साथियों के साथ पहुंचा, उसने तालाब में बालिका की तलाश शुरू की। करीब 10 से 15 मिनट गोता लगाने के बाद इरफान ने मासूम को बाहर निकाल दिया। मासूम की सांस थम चुकी थी। परिवार खबर लगते ही विष्णु सागर वाटिका पहुंचा। मां श्वेता और परिवार बालिका को देख बिलख उठे उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि संभवतः परिवार के साथ पिकनिक पर आई बालिका खेलते समय तालाब में गिरी थी, फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### डीआईजी-एसपी पहुंचे थे विष्णु सागर

ढाई साल की बालिका के लापता होने पर रात में डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, सीएसपी पुष्पा प्रजापति विष्णु सागर पहुंचे थे, उन्होंने जीवाजीगंज, चिमनगंज और भेरूगढ़ थाना पुलिस को बालिका की तलाश के लिए हर स्तर पर प्रयास करने के निर्देश जारी कर दिए थे। विष्णु सागर के तालाब में गुरुवार देर शाम तक की गई सर्चिंग के बाद आशंका जताई जाने लगी थी कि बालिका को कोई अपने साथ ले गया है, लेकिन रातभर जिस तरह से तलाशी अभियान जारी रहा उससे यह लगने लगा था कि बालिका विष्णु सागर वाटिका से बाहर नहीं निकली है।

---

# इंदौर के अतिथि ढाबा की बटर खिचड़ी में निकला मच्छर

### वीडियो वायरल होने के बाद खाने की गुणवत्ता पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित अतिथि ढाबा में खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई को लेकर एक मामला सामने आया है, जिसने रेस्टोरेंट प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक ग्राहक को परोसी गई बटर खिचड़ी में मच्छर निकलने का दावा किया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राहक रात के समय रेस्टोरेंट में भोजन करने पहुंचा था। उसने खाने के लिए बटर खिचड़ी ऑर्डर की थी। जब वह खाना खा रहा था, तभी उसकी नजर प्लेट में पड़ी खिचड़ी पर गई, जहां उसे एक मच्छर दिखाई दिया। पहले तो ग्राहक ने इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज करना चाहा, लेकिन जब उसने ध्यान से देखा तो खाने के बीच मच्छर स्पष्ट दिखाई दिया। इसके बाद उसने तुरंत मोबाइल निकालकर वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

वीडियो में खिचड़ी की प्लेट के भीतर मौजूद मच्छर साफ नजर आ रहा है। ग्राहक ने मौके पर ही इस पर आपत्ति जताई और रेस्टोरेंट स्टाफ को भी इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही लोगों ने इसे तेजी से शेयर करना शुरू कर दिया। कई यूजर्स ने खाने की गुणवत्ता, किचन की सफाई और रेस्टोरेंट में अपनाए जा रहे हाइजीन मानकों को लेकर सवाल उठाए। घटना के बाद सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर बड़ी संख्या में लोग भोजन करने आते हैं, वहां साफ-सफाई और खाद्य गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

---

**लोगों को तीसरे दिन समझ आया अधिकारी सही जानकारी दे रहे थे**

# दो दिनों में दुगना पेट्रोल-डीजल बिका

### सभी पंपों पर सामान्य हालात हुए, आपूर्ति निर्बाध रही, लोग आए ईंधन लिया और निकल गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पेट्रोल पेनिक पर लोगों को तीसरे दिन समझ आया कि अधिकारी सही और पुख्ता जानकारी दे रहे हैं। इसके चलते गुरूवार सुबह से ही पंपों पर कतार हट गई और स्थिति सामान्य हो गई। लोग पंपों पर सामान्य दिनों की तरह आए पेट्रोल झ डीजल लिया और निकल गए। शहर में दो दिनों के पेनिक में पेट्रोल का विक्रय दोगूना एवं डीजल का डेढ गुना हुआ है।

गुरूवार को एक बार फिर से पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य रही है। पिछले दो दिनों से पेट्रोल एवं डीजल लेने वालों की लंबी लाईन से निजात रही है और आम वाहन चालकों बगैर लाईन में घंटों खडे रहे पेट्रोल सामान्य रूप से मिला है। यही स्थिति डीजल वाहनों की रही है। शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर यह स्थिति देखी गई है। शहरी क्षेत्रों के पंपों से भीड छंटने के साथ ही सडकों पर जाम की स्थिति से भी निजात मिली है।

पंप संचालकों को भी राहत की स्थिति बनी है। गुरूवार को पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य होने के बावजूद भीये जरूर रहा कि वाहनों में ईंधन लेने वाले अब भी आवश्यकता से ज्यादा ही ले रहे हैं। सामान्य रूप से दो पहिया वाहनों में 200 से 500 का पेट्रोल लेने वालों की स्थिति ज्यादा रही है। पंप कर्मी राधेश्याम यादव कहते हैं कि पहले जो बाईक में एक सौ रूपए का पेट्रोल ले रहे थे वे अब सीधे 200 एवं 500 का ले रहे हैं। यही हाल चौपहिया वाहनों की है कि जो वाहन में एक हजार का पेट्रोल डीजल लेते थे उनकी मांग सीधी दो हजार पांच सौ पर पहुंच गई है। उनके अनुसार पंपों से कतार हट गई है लेकिन खपत का स्तर ज्यादा हो गया है।

### अंचल में भी सामान्य स्थिति

इधर सामने आ रहा है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं हाईवे के पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर स्थिति सामान्य हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के पंपों पर भी कहीं भी कतार की स्थिति नहीं रही है। ग्राहक की मांग के अनुसार पेट्रोल एवं डीजल दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की मांग बराबर बनी हुई है और उसी मान से आपूर्ति भी हो रही है।

### शहरी क्षेत्र में दो गूना पेट्रोल बिका

दो दिनों के पेट्रोल पेनिक में उज्जैन शहरी क्षेत्र में सामान्य दिनों की अपेक्षा दुगना पेट्रोल पंपों से बेचा गया है। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि लोहिया के अनुसार मंगलवार एवं बुधवार को दो गुनी सेल पेट्रोल में रही है। सामान्य दिनों में शहर में करीब 1.50 लाख लीटर पेट्रोल का सेल होता है। इसकी अपेक्षा दो दिनों में सेल औसत 3 लाख लीटर के लगभग रही है। डीजल में सामान्य दिनों में सेल करीब 2 लाख लीटर की रहती है वह 3 लाख लीटर के लगभग रही है।

**ऐसे अफवाह ने दम पकडा-** पेट्रोल पंप मालिकों एवं कर्मचारियों से जानकारी लेने पर सामने आया कि सोश्यल मिडिया पर चले संदेश के बाद यह स्थिति बिगडी। उसके पीछे कारण यह रहा कि रविवार को डिपो बंद रहा। सोमवार को कुछ पंप ड्राय हो गए। माल आने में डिपो से थोडा सा समय लगा तो लोगों को सोश्यल मिडिया की अफवाह में दम नजर आने लगा। मंगलवार अपरांह से स्थिति बेकाबू होने लगी। वैसे ऐसा कुछ था ही नहीं। हकीकत यह है कि कंपनियों ने एक मार्च से प्रि पेमेंट पर माल देना शुरू कर दिया है।




## न्यूज कालम



### ग्राम डूडगांव में श्रीराम नवमी पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन

**सनावद/बैड़िया।** ग्राम डूडगांव में प्रभु श्रीराम का पावन जन्मोत्सव भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विधायक सचिन बिरला ने शोभायात्रा में भाग लिया और क्षेत्रवासियों को श्रीराम नवमी की बधाई दी। विधायक ने भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन कर राष्ट्र की सुख,शांति एवं समृद्ध की कामना की।विधायक ने कहा कि भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्रीराम भारतवासियों के आराध्य हैं और उनका संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों एवं धर्म की रक्षा के लिए समर्पित था। भगवान श्रीराम के द्वारा स्थापित आदर्श भारतवासियों को सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेंगे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, सीता माता,लक्ष्मण एवं भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमानजी की नयनाभिराम झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से गुजरी।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल थे। ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

### श्रीराम सहित कृष्ण मंदिरों व अन्य में महोत्सव को लेकर आकर्षक साजसज्जा

**सनावद।** शहर में शुक्रवार को रामनवमी महोत्सव मनाया गया।



श्रीराम सहित कृष्ण मंदिरों व अन्य में महोत्सव को लेकर आकर्षक साजसज्जा की गई। भगवा ध्वज व पताकाओं से सजाया गया। साथ ही भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। नगर के वैष्णव पंचायती श्रीराम मंदिर में भगवान का प्रकटोत्सव मनाया गया। जिसमें सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिर से प्रभात फेरी शुरू होकर मुरली मनोहर मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, मोरटक्का चौराहा, ब्राह्मणपुरी आजाद रोड होते हुए पुनः पंचायती मंदिर पहुंची। प्रभात फेरी में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर व प्रसाद बांटकर स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में महिला श्रद्धालुओं सहित श्रीराम भक्त व हरे राम कीर्तन मंडली उपस्थित थी। अंत में पंचायती श्रीराम मंदिर में आरती कर प्रसाद वितरण के साथ प्रभात फेरी का समापन हुआ। सुबह 10 बजे बाल गोपाल कीर्तन मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया। दोपहर 12 बजे जन्म उत्सव, आरती व प्रसादी बांटी गई। रात 8.30 बजे हरे राम हरे कृष्ण कीर्तन मंडल मुरली मनोहर मंदिर द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया।इसी प्रकार राज मंदिर, मुरली मनोहर बावड़ी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दोपहर 12 बजे जन्म आरती की गई।

### भगवान स्वामीनारायण जन्मोत्सव पर बुरहानपुर में गूंजे भक्ति के स्वर



**बुरहानपुर।** शहर में आज सुबह से ही भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। राम जन्मोत्सव और भगवान स्वामीनारायण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जिलेभर के मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आकर्षक सजावट के साथ श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से सिलमपुरा स्थित प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में आयोजित कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। यहां प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी भक्ति गीतों और जयकारों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भजन-कीर्तन प्रमुख रहे। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था ने सामुदायिक प्याऊ का किया शुभारंभ



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नेपानगर की नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा नगर के डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे स्थित सामाजिक भवन के पास सामुदायिक प्याऊ लगाया गया है संस्था के सचिव रविन्द्र मसाने द्वारा बताया गया कि नगर के प्रमुख डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे पर प्रतिदिन हजारों नागरिक आना जाना करते हैं हमारी संस्था द्वारा गर्मी के दिनों में नागरिकों के लिए सामुदायिक प्याऊ लगा कर उन्हें ठंडा शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। संस्था पिछले २० वर्षों से यहां शीतल पेयजल उपलब्ध करा कर मानव सेवा कर रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बने, आदिवासी पहचान बचाना राष्ट्रीय जिम्मेदारीः सांसद सोलंकी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने संसद के उच्च सदन में जनजातीय समाज से जुड़े एक अत्यंत संवेदनशील विषय को उठाते हुए देशभर में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने सभापति महोदय के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है, किन्तु छल, बल, प्रलोभन या दबाव के माध्यम से किया गया धर्मांतरण एक गंभीर अपराध है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सांसद डॉ. सोलंकी ने कहा कि आज जनजातीय क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें आर्थिक लालच, शिक्षा, नौकरी, इलाज तथा सामाजिक दबाव जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि आदिवासी समाज सदियों से अपनी परंपराओं, संस्कृति और सनातन मूल्यों के साथ जुड़ा रहा है, किन्तु वर्तमान में धर्मांतरण के कारण इनकी मूल पहचान पर संकट उत्पन्न हो गया है। गांवों में सामाजिक तनाव भी लगातार बढ़ रहा है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है।

डॉ. सोलंकी ने यह भी कहा कि कई राज्यों में धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बने हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में एक समान और प्रभावी केंद्रीय कानून की आवश्यकता है, जिससे इस समस्या पर ठोस नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि जबरन एवं प्रलोभन देकर किए गए धर्मांतरण के विरुद्ध कड़े दंड का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, जो व्यक्ति धर्मांतरण कर चुके हैं, उन्हें जनजातीय आरक्षण के दायरे से बाहर किया जाए, ताकि वास्तविक पात्रों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

सांसद ने संविधान के अनुच्छेद 342 में आवश्यक संशोधन की मांग भी रखी, जिससे जनजातीय समाज के हितों को और अधिक सशक्त किया जा सके। डॉ. सोलंकी ने 24 मार्च 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इसी प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था जनजातीय समाज के लिए भी लागू की जानी चाहिए। अंत में उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और पहचान की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा जबरन धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

## नव नियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणो का किया स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलियामंडी

नगर कांग्रेस अध्यक्ष पिपलीया किशोर उणियारा, मल्हारगढ़ कोहिनूर मेव, नारायणगढ़ सुभाष पाटीदार की नियुक्त पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता के नेतृत्व में ज्योतिबा फुले चैराहे पर पुष्पमाला व आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज जी राजानी,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुरामजी सिसौदिया का आभार माना। इस मौके पर नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव,अजित कुमठ,सचिव किशनलाल चौहान,महेंद्र गेहलोत, दिलीप मोहनलाल गुप्ता, किशन लाल चौहान,अनिता खोखर, किशोर टेलर कनघट्टी, पार्षद बाबूभाई मंजूरी, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार,सरफराज मेव,अशोक कोहली,नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वय रामप्रसाद फरक्या, गोपाल भारती,विष्णु फरक्या पंकज बोराना,मंडलम अध्यक्ष कैलाशबंगारिया,जितेंद्र कापडिया, दिनेश गुप्ता काचरिया ,छोटेलाल सैनी,राजेन्द्रसिंह चंगेरी, सुरेंद्रसिंह शक्तावत, सुनील भगत, बरखेड़ा पन्थ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर, बद्रीलाल उणियारा, उदयराम आदि उपस्थित थे।

## नवरात्री महाष्टमी पर भादवा माता जी पैदल यात्रा कर हजारों श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

जिले के प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ भादवा माता जी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर गुरुवार को दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । मालवा मेवाड़ की प्रसिद्ध मां भादवा माता के दर्शन के लिए नीमच और मनासा क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु पैदल पहुंचे। पैदल यात्रियों के लिए रास्ते भर प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं ने 18 किलोमीटर लंबे पहुंच मार्ग पर यात्रियों के विशेष इंतजाम किए।

नीमच-मनासा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह स्वल्पाहार और शीतल जल की व्यवस्था की गई। अन्नपूर्णा सेवा न्यास द्वारा पूडी-सब्जी का भोजन कराया जा रहा है। वहीं नगरपालिका कर्मचारी संघ ने जेतपुरा फेंट के समीप आइसक्रीम वितरित की।

महाष्टमी का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ रात्रि 10.30 बजे विशेष मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। यह यज्ञ पूरी रात चला और शुक्रवार सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में इसकी पूर्णाहुति हई । महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें विधायक जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया द्यइसके साथ ही बीते १ मार्च से चल रहे चैत्र नवरात्रि मेले का औपचारिक समापन हो गया।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए मेला परिसर का निरीक्षण किया गया । भीड नियंत्रण के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए गए और पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की थी । प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा पॉइंट लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि पार्किंग और यातायात सुगम बना रहे। यातायात को बारी-बारी से खोलने से पद यात्रियों और वाहनों किसी को भी परेशानी नहीं हुई।

## अरिहंत स्कूल का पाँचवी व आठवीं परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नया हरसूद

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा पाँचवी आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नगर की अरिहंत स्कूल का इस वर्ष भी कक्षा पाँचवीं व आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाला एवं अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। कक्षा आठवीं अंग्रेजी माध्यम में शिवानी खाटरे ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दार्शिका गुर्जर एवं डाली चौहान ने 94 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा महक गौर ने 93 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं हिंदी माध्यम में हर्षिता चौहान ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रगति लौवंशी ने 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं तथा पूजा मंडलोई ने 93 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पाँचवीं हिंदी माध्यम में स्नेहा राजपूत ने 86 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषभ जैन ने 85.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अमित जौहर एवं अश्विनी राजपूत ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 5वी अंग्रेजी माध्यम में निशांत लौवंशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

## 12 अप्रेल से शुरू होगा गणगौर महापर्व महोत्सव

**नया हरसूद ।** निमाड़ का सबसे बड़ा महापर्व गणगौर महोत्सव 12 अप्रेल से शुरू हो रहा हे जिसके अंतर्गत छनेरा मे भी यह आयोजन भव्य स्वरूप में मनाया जायेगा। आयोजन को सफलता पूर्वक मनाने के लिए छनेरा के श्री राम मंदिर मे एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे सार्वजनिक गणगौर महोत्सव समिति का गठन भी किया जिसमे आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी भी सौपी गई। समिति के सदस्यों एवं नगर परिषद छनेरा के अधिकारियो ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

## सिंधी सेवा मंडली की चुनावी प्रक्रिया संपन्न, संजय सभनानी अध्यक्ष बने

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

सिंधी सेवा मंडली की चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई,जिसमें अध्यक्ष संजय सभनानी निर्विरोध चुन लिए गए। सिंधी सेवा मंडली प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के लिए निर्धारित समय अवधि तक समस्त पदों के लिए एक एक नामांकन प्राप्त हुए,सर्व सम्मति से सभी 6 पदाधिकारी चुन लिए गए।

जिसमें अध्यक्ष संजय सभनानी के साथ ही हरेश कुमार संतवानी और शंकरलाल आसवानी उपाध्यक्ष, प्रकाश आहूजा सचिव, पवन वासवानी सह सचिव और मनोज गेलानी कोषाध्यक्ष घोषित हुए।चुनाव अधिकारी मोहन दीवान और सहायक चुनाव अधिकारी अनिल आरतानी ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध चुने जाने की विधिवत घोषणा की।निवर्तमान अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को बिना किसी विरोध के चुन लिया जाना हर्ष का विषय है।

शेष कार्यकारिणी की घोषणा अतिशीघ्र होगी।प्रवक्ता कमल नागपाल ने कहा कि संस्था के सभी सदस्यों में अपार हर्ष व्याप्त है।सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए हैं, सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

## ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल नें परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

**आशापुर (खंडवा)।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, आशापुर ने एक बार फिर इतिहास रचा है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने लगातार चौथे वर्ष शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) परीक्षा परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।तहसील की प्राविण्य सूची में जमाया कब्जा इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने तहसील स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## थाना निवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

### चोरी की पल्सर एन.एस. मोटरसाइकिल जप्त



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

थाना निवाली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर तथा एसडीओपी राजपुर श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निवाली उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सक्रिय मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्रवाई की गई।

थाना निवाली में अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में दिनांक 27 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पुरुषखेड़ा से चोरी हुई पल्सर मोटरसाइकिल के आरोपी पानसेमल की ओर से आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल वाहन चेकिंग लगाई गई एवं संदेहियों को रोककर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने दिनांक 18 मार्च की रात्रि करीब 11.30 बजे पुरुषखेड़ा में घर के सामने खड़ी पल्सर एन.एस. मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से करीब एक लाख 50 रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जप्त की गई।

**गिरफ्तार आरोपीः**

बादल पिता भंगा सोलंकी, उम्र 19 वर्ष, निवासी स्कूल फल्या वासवी अनिल पिता छेदा सोलंकी, उम्र 19 वर्ष, निवासी पटेल फल्या मेरखेड़ी, थाना सेंधवा ग्रामीण दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निवाली उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी, सउनि लोकेश पाटील, सउनि उमाशंकर मंडलोई, आरक्षक 616 सुमेरसिंह जामोद, आरक्षक 269 रवि जाधव एवं आरक्षक 587 मुकेश डुडवे की सराहनीय भूमिका रही।

रामनवमी त्योहार के अवसर पर

## सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु शहर में लगाया पुलिस बल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा,

जिला मुख्यालय खंडवा मे श्री रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षु आईपीएस श्री अमित कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी मूँदी श्री मनोहर सिंह गवली, एसडीओपी हरसूद श्री लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय, श्री आशीष कुशवाहा सेनानी होमगार्ड, थाना व चौकी प्रभारी सहित 600 का पुलिस बल लगाया गया है। श्री रामनवमी त्योहार के अवसर पर हिन्दू समुदाय द्वारा शहर मे शोभा यात्रा जुलूस के रूप मे निकाला जा रहा है7 त्योहार के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था लगाई गई है7 साथ ही नाकाबंदी, पेट्रोलिंग हेतु मोबाईल पार्टी, मोटरसायकल पार्टी, फिक्स पिकेट्स, हाईराइज बिल्डिंग, प्रमुख संवेदनशील चौराहों जैसे कहारवाडी चौक, जलेबी चौक, शिवाजी चौक एवं बड़ाबम चौक पर कॉम्पेक्ट प्लाटून की व्यवस्था की गई है। यातायात पॉइंट की दृष्टि से शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात का बल लगाया गया है। त्योहार के दौरान सीसीटीव्ही, ड्रोन कैमरा, वीडियो कैमरा एवं व्योम वाहन के माध्यम से शहर के शरारती तत्वों पर सतत नजर रखी जायेगी। सभी आमजनों से खंडवा पुलिस द्वारा श्री रामनवमी त्योहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गई है।

## सामाजिक समरसता के भाव को लेकर निकली राम नवमी पर रामरथ यात्रा

**खंडवा।** भये प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी,, भगवान विष्णु के छटवे अवतार, प्रत्येक भारतीय के आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी पर खण्डवा में विराट २८ वर्षों से सामाजिक समरसता के भाव को लेकर संयोजक डॉ. मुनीश मिश्रा एवं भक्तों द्वारा बडाबम स्थित राम मंदिर से भव्य राम रथ यात्रा निकाली गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रथ यात्रा बडाबम प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होकर कुम्हारवेडा, मालीकुंआ, बुधवारा, केवलराम चौक, बाम्बे बाजार, घंटाघर विट्ठल मंदिर से बजरंग चौक स्थित राम मंदिर में रथ यात्रा का समापन हुआ। रथ यात्रा में पुरूष श्वेत वस्त्र एवं महिला केसरिया वस्त्र धारण किये हुए राम भजन के साथ चल रही थी।

## भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव 30 मार्च को मनाया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर जियो और जीने दो का संदेश देने वाले अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती महोत्सव ३० मार्च सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा मनाई जाएगी। इस उपलक्ष में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सोमवार को प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सराफा से प्रारंभ होगी जो विभिन्न मार्गों से होते हूए सराफा स्थित तुलसी उद्यान में पहुचेगी, जहां पर अतिथि श्रीमान वीरेंद्र कुमार जैन, श्रीमती विनोदिनी जैन ,श्रीमती सुभद्रा बाई जैन द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा इसके पश्चात प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा प्रभावना वितरण की जाएगी। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि वर्षों से जैन मुनियों के आशीर्वाद एवं अनुरोध से खंडवा में सामूहिक रूप से महावीर जयंती पर मनायां पर्व मनाया जाता है जाता है,सोमवार को प्रातः 8 बजे श्रीजी भगवान महावीर की रथ यात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिरजी से प्रारंभ होकर रामगंज, बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप, बॉम्बे बाजार होते हुए घंटाघर स्थित कीर्ति स्तंभ पर प्रातः९ बजे अतिथियों एसडीम ऋषि सिंघई, डॉ सुभाष जैनी एवं सुरेशचंद लोहाडिया के द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा।


पश्चिमी रेलवे लक्ष्मीबाई नगर और श्री गंगानगर के बीच विशेष ⇄ ट्रेन चलाएगी।

| ट्रेन नं. | उत्पत्ति स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04736 | लक्ष्मीबाई नगर - श्री गंगानगर | 03.04.26 से 10.07.26 तक | 13:55 बजे (शुक्रवार) | 12:20 बजे (अगले दिन) |
| 04735 | श्री गंगानगर -लक्ष्मीबाई नगर | 02.04.26 से 09.07.26 तक | 12:50 बजे (गुरुवार) | 09:55 बजे (अगले दिन) |

हॉल्ट्स: फतेहाबाद चंद्रावती गंज, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रिंग्स, सीकर, लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावाटी, चुरु, सादुलपुर, तहसील भद्र, नोहर, ऐलनाबाद, हनुमानगढ़ एंड सादुलशहर स्टेशंस इन बोथ डायरेक्शन्स.

संरचना: एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

समय, ठहराव और ट्रेन संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन नंबर 04736 के लिए बुकिंग 28.03.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। उपर्युक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।

## न्यूज -कॉलम

### शराब की ऑनलाइन डिलेवरी देने निकाला युवक पकड़ाया

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान से गुरूवार-शुक्रवार रात बाइक क्रमांक एमपी 09 वीसी 3347 पर सवार युवक को एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने अपनी टीम के साथ चैकिंग के दौरान पकडा। उसके पास बेग में देशी, विदेशी शराब के क्वार्टर बरामद होना पाये गये। पूछताछ करने पर युवक का नाम राजाराम पिता बंसतीलाल निवासी ग्राम चिकली बड़नगर मार्ग सामने आया। शराब संबंधित दस्तावेज नहीं होने पर युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एएसआई गौतम के अनुसार शराब के साथ पकडाया युवक फूड डिलेवरी का काम करता है। जिसकी आड़ में उसने शराब की डिलेवरी देना शुरू कर दिया था। शहर में शराब प्रतिबंधित होने पर अब शहर में घर पहुंच शराब पहुंचाने का काम शुरू हो चुका है। इससे पहले बुधवार को पंवासा थाना पुलिस ने जीवनपुरखेडा मार्ग से ओला कंपनी की बिना नम्बर की स्कूटी पर सवार आनंद उर्फ रूद्र चौहान निवासी पुष्पांजलि नगर को गिरफ्तार किया था। वह भी शराब की डिलेवरी देने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ युवकों द्वारा शराब का सेवन करने वालों के नम्बर प्राप्त कर लिये है। जो शहर के बाहरी क्षेत्रों से शराब खरीदकर लाते है और फोन कॉल पर शराब घरों तक पहुंचाते है। ऐसा ही एक मामला आबकारी विभाग ने भी कुछ दिनों पहले पकड़ा था। माधवनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा में एक मकान पर दबिश देकर 1 लाख से अधिक की शराब बरामद की थी। मकान से महिला को पकडा गया था। जो पति के साथ मिलकर लोगों को फोन कॉल पर शराब उपलब्ध कराने का काम करती थी। उसका पति आबकारी दबिश के बाद से फरार चल रहा है।

### दंपति को बाइक चालक ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला में रहने वाले राहुल पिता पूनमचंद्र 30 साल और उसकी पत्नी खूशबु 25 साल की बाइक को गुरूवार-शुक्रवार रात घर लौटते समय नई कालोनी के पास महिदपुररोड पर बिना नम्बर की बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में दंपति गंभीर घायल हो गये थे। जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। खूशबु की हालत नाजुक होने पर उसे शुक्रवार को इंदौर रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन खुशबू का शव वापस चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद लाश पोस्टमार्टम कक्ष भेजकर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। डायरी झारड़ा थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

### बंधक संपति पर कब्जा करने वालों पर केस दर्ज

**उज्जैन।** गृहम हाऊसिंग फायनेंस कंपनी से होम लोन प्राप्त कर किश्त जमा करने पर फायनेंस कंपनी द्वारा बंधक बनाई गई संपत्ति के ताले तोड़कर कब्जा करने वालों के खिलाफ माकडोन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपीगण ग्राम मोयाखेड़ी, नांदेड और भैरूपुरा नांदेड के रहने वाले है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार थाना क्षेत्र के ओर भी ऐसे मामले सामने आ रहे है। कुछ मामले न्यायालय में चल रहे है। संभवत: ऐसे 15 से 20 मामले ओर सामने आ सके है। जिनके खिलाफ फायनेंस कंपनियों द्वारा प्रकरण दर्ज कराये जा सकते है।

### रास्ते के पुराने विवाद में 2 पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**उज्जैन।** महिदपुररोड थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलियाभीम में गुरूवार-शुक्रवार रात शैतानसिंह पिता अंतरसिंह सौंधिया और भारत पिता राघुसिंह सौंधिया के बीच खेत के रास्ते को लेकर चले आ रही पुरानी रंजीश में विवाद हो गया। दोनों परिवारों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों परिवारों के लोग घायल हो गये। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि पूर्व में दोनों की बीच मारपीट हो चुकी थी।

### कार चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** 19 मार्च को ग्राम पंथपिपलाई में स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 सीव्हाय 2745 के चालक ने लापरवाही से चलते हुए मारूति सुजुकी कार क्रमांक एमपी 09 बीए 4963 के साथ बुलेट क्रमांक एमपी 13 एफक्यू 7634 को टक्कर मार दी थी। घटनाक्रम में मारूति सुजुकी क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहीं बुलेट सवार देवेन्द्र पिता गुज्जुलाल मोहने और आकाश पिता अरविंद शर्मा निवासी इंदौर गंभीर घायल हो गये थे। दोनों को अस्पताल भेजा गया था। जहां देवेन्द्र की मौत हो गई थी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। सात दिन बाद टक्कर मारने वाले स्वीफ्ट कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाडी चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 269-7 | 179-7 |
| मेन बाजार | 246-2 | 600-6 |
| कल्याण नाइट | 299-0 | 246-2 |
| मिलन डे | 290-1 | 134-8 |
| मिलन नाइट | 344-1 | 139-3 |
| मधुर डे | 367-6 | 146-1 |
| मधुर नाइट | 358-6 | 128-1 |
| शुभांक | 3 4 | 9 |

# खाचरौद से इंदौर जा रही थी बारातियों से भरी बस पलटी

## घायलों को खिडकी के कांच तोड़कर निकाला, 8 को लगी गंभीर चोंट





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इंगोरिया में शुक्रवार सुबह 11 बजे निर्माणाधीन मार्ग से तेजगति में गुजरती बारातियों से भरी बस पलट गई। हादसे के बाद खिड़की के कांच तोड़कर उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला गया। घटनाक्रम में 15 से 20 लोग घायल हुये।

जिसमें 8 को ज्यादा चोंट लगने पर उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि थाना क्षेत्र के उन्हेल-जहांगीरपुर मार्ग पर सुबह जाफरी टूर एंड ट्रेवल्स की बस सड़क मार्ग से नीचे उतरने के बाद पलटने की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बस में सवार लोगों को बाहर निकालने के लिये आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। बस की खिड़की के कांच तोडे गये और लोगों को बाहर निकाला गया। करीब 18 से 20 लोगों को चोंट लगी थी, जिन्हे तत्काल एम्बुलेंस और निजी वाहनों के साथ डायल 112 से समीप सामुदायिक केन्द्र पहुंचाया गया। जहां अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर होना बताई गई। पांच को ज्यादा चोंट होने पर डॉक्टरों ने उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल उज्जैन रैफर कर दिया। बस में सवार सभी मुस्लिम परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि खाचरौद के रहने वाले है और मोहम्मद शेरू पिता मजीद हुसैन के बेटे वकार का निकाह होने पर इंदौर जा रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार घटनाक्रम के बाद चालक भाग निकला था, जिसके खिलाफ लापरवाही से बस चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### घायलों में महिला-बच्चे शामिल

बताया जा रहा है कि घायलों में सबसे अधिक बच्चे और महिलाएं शामिल है। बस में करीब 50 से 55 लोग सवार थे। हादसे के बाद चिल्ला-पुकार मच गई थी। आसपास के लोग मदद के लिये पहुंचे थे। जिन्होने लोहे की सीडीनुमा जाली को सहारा बनाकर बस में सवार महिला और बच्चो को नीचे उतारा। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के एसडीएम, एसडीओपी, सीएमएचओ, बीएमओ सामुदायिक केन्द्र पहुंच गये थे।

### दुल्हे की पीछे चल रही थी कार

बारातियों से भरी बस के पीछे दुल्हा कार में सवार होकर आ रहा था। हादसे के बाद उन्होने कार रोक ली और परिवार के घायल सदस्यों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की। सभी अस्पताल पहुंचाने के बाद दुल्हा और परिवार के कुछ सदस्य निकाह के लिये इंदौर रवाना हो गये थे।

# भाई के जेल में बंद होने का मैसेज भेज ठगे 1 लाख

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

होटल में काम करने वाले युवक को भाई के जेल में बंद होने का मैसेज भेज 1 लाख रूपये मांगे गये। युवक ने भाई को छुड़ाने के लिये ऑनलाइन रूपयों का ट्रांजेक्शन कर लिया। धोखाधड़ी का आभास होने पर होटल कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।



माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि टॉवर चौक पर बनाना लीफ रेस्टोरेंट में रविन्द्र पिता नानूलाल यादव निवासी बिहार हाल मुकाम टॉवर चौक काम करता है। उसका भाई दुबई में रहता है। 10 मार्च को भाई की फेसबुक मैसेंजर से उसे मैसेज मिला कि मैं मुसीबत में हूं। पुलिस ने पकड़ा है, एक नम्बर भेज रहा हूं बात करना। रविन्द्र ने मैसेंजर पर आये मैसेज में दिये गये नम्बर पर कॉल किया तो बताया कि तुम्हारा भाई जेल में है। उसे छुड़ाना है तो 1 लाख रूपये भेजों। भाई को छोड़ दिया जायेगा और घर भी भेज देगें। रविन्द्र ने बिना सोचे समझे 1 लाख का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दिया। दूसरे दिन भाई से बात करने पर पता चला कि उसका मोबाइल किसी ने हैक किया था। उसे पुलिस ने नहीं पकडा था। भाई से बात होने पर रविन्द्र को अपने साथ ऑनलाइन धोखाधडी का आभास हुआ तो उसने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# पत्नी घर लौटी तो पति के गले में दिखा फंदा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

डी मार्ट गई पत्नी बच्चों के साथ घर लौटी तो पति के गले में रस्सी का फंदा दिखाई दिया। पति जमीन पर पडा था। आधी रस्सी ऊपर पंखे से बंधी थी। आसपास के लोगों की मदद से पति को अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

मामला वाल्मिकी कालोनी का होना सामने आया है। यहां रहने वाला दिलीप पिता बाबूलाल रूसी 45 साल विक्रम विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। गुरूवार शाम उसकी पत्नी बच्चों के साथ डी मार्ट गई थी। रात 10.30 बजे वापस लौटी तो उसने पति दिलीप को जमीन पर पडा देखा। पति के गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। वहीं आधी रस्सी ऊपर पंखे से बंधी थी। दिलीप ने फांसी लगाई थी और रस्सी टूटने पर गिर गया था। पत्नी आसपास के लोगों की मदद से रात में अस्पताल लेकर पहुंची। इस दौरान डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के समय परिजनों ने बताया कि दिलीप 3 सालों से किडनी की बीमारी से परेशान था। उसका हर माह डायलिसीस होता था, वह बीमारी से तंग आ चुका था। संभवत:घर पर किसी के नहीं होने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।


## न्यायालय कलेक्टर, जिला रतलाम (म.प्र.)

**प्रकरण क्रमांक : 0009/अ-82/2024-25**

**आदेश**

**{भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-25 के तहत}**

**(पारित दिनांक 04 फरवरी, 2026)**

संभागीय प्रबंधक एम.पी.आर.डी.सी. उज्जैन द्वारा उनके पत्र क्रमांक 338/भू-अर्जन/उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड रोड/2026 उज्जैन दिनांक 03.02.2026 से अवगत कराया गया कि उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे का हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के अन्तर्गत किया जाना है। उक्त परियोजना से प्रभावित ग्रामवासियों द्वारा निरंतर आपत्तियाँ एवं विरोध दर्ज कराये जाते रहे हैं। परियोजना के संबंध में लगातार विरोध प्रदर्शन करने के कारण जिला रतलाम के जावरा अन्तर्गत निजी भूमि के अर्जन में **प्रभावित ग्राम हनुमन्तिया, उदियाखेड़ी, डोडियाना तथा रेवास का** अवार्ड पारित किया जाना शेष है।
परियोजना निर्माण में प्रभावित ग्रामीणों द्वारा मार्ग जमीनी स्तर पर निर्माण एवं अलायमेंट में परिवर्तन/संशोधन किए जाने के संबंध में वरिष्ठ स्तर पर विचार प्रस्तावित है। चूँकि उपरोक्त वर्णित ग्रामों के संबंध में वर्तमान अलायनमेंट के संशोधन/परिवर्तन पर विचार किया जा रहा था, इस कारण रतलाम के अनुभाग जावरा अन्तर्गत निजी भूमि के अर्जन में प्रभावित ग्राम हनुमन्तिया, उदियाखेड़ी, डोडियाना तथा रेवास सहित 04 ग्रामों की धारा-19 का प्रकाशन माह फरवरी एवं मार्च में पूर्ण हो रहा है। "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" की धारा-25 के अनुसार धारा-19 के **प्रकाशन दिनांक से एक वर्ष अर्थात 12 माह की अवधि के भीतर** अवार्ड प्रक्रिया पूर्ण किया जाना आवश्यक है। धरना-प्रदर्शन एवं विरोध के चलते भू-अर्जन की कार्यवाही में विलंब हुआ है। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए भू-अर्जन अधिनियम, 2013 की धारा-25 के अन्तर्गत जिला रतलाम में परियोजना से प्रभावित **ग्राम हनुमन्तिया** के अवार्ड पारित करने की समय-सीमा को 6 माह की अवधि हेतु बढ़ाना चाहा है।
तत्संबंध में ''भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013'' की धारा-25 का अवलोकन किया।
अधिनियम, 2013 की धारा-25 वह अवधि, जिसके भीतर अधिनिर्णय किया जाएगा- कलेक्टर धारा-19 के अधीन घोषणा के प्रकाशन की तारीख से बारह मास की अवधि के भीतर अधिनिर्णय करेगा और यदि उस अवधि के भीतर कोई अधिनिर्णय नहीं किया जाता है, तो भूमि के अर्जन की समस्त प्रक्रियाएं व्यपगत हो जाएंगी :
परन्तु समुचित सरकार को बारह मास की अवधि बढ़ाने की शक्ति होगी, यदि उसकी राय में ऐसी परिस्थितियां विद्यमान है, जो उसे न्यायोचित ठहराती हैं:
परन्तु यह और कि अवधि बढ़ाए जाने संबंधी किसी विनिश्चिय को अभिलेखबद्ध किया जाएगा और उसे अधिसूचित किया जाएगा तथा संबंधित प्राधिकारी वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा''
उक्त के आलोक में स्पष्ट है कि अधिनियम, 2013 की धारा-25 के अनुसार, धारा-19 के **प्रकाशन दिनांक से एक वर्ष** अर्थात 12 माह की अवधि के भीतर अवार्ड प्रक्रिया पूर्ण किया जाना आवश्यक है, और भू-अर्जन से प्रभावित ग्राम हनुमन्तीया की धारा-19 का प्रकाशन माह फरवरी एवं मार्च में पूर्ण हो रहा है।
चूंकि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित कृषकों द्वारा उज्जैन-जावरा के बीच रोड निर्माण में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कन्ट्रोल का विरोध किया गया, मार्ग को समतल बनाने संबंधी आपत्तियां प्रस्तुत की गई इन आपत्तियों के निराकरण हेतु परियोजना को एक्सेस कन्ट्रोल से नॉन एक्सेस कन्ट्रोल करने पर विचार-विमर्श जारी है जिससे अवार्ड पारित किए जाने में समय लगने की संभावना है। उक्त कारणों से यह अत्यंत आवश्यक है कि भू-अर्जन की कार्यवाही को विधिसम्मत रूप से पूर्ण करने हेतु धारा-25 के अन्तर्गत ग्राम हनुमन्तीया के अवार्ड पारित करने की **समय-सीमा को 6 माह की अवधि हेतु** बढ़ाया जावे।
अत: संभागीय प्रबंधक एम.पी.आर.डी.सी. उज्जैन की ओर से किये गये अनुरोध एवं प्रकरण की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-25 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम हनुमन्तीया के धारा-19 के प्रकाशन दिनांक से अधिनिर्णय (अवार्ड) पारित करने की **समय-सीमा को 6 माह की अवधि हेतु** बढ़ाया जाता है।

**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
म.प्र. माध्यम/125110/2026 **म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला रतलाम (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 89 जो भूमि सर्वे क्रमांक 1690 एवं नया सर्वे क्रमांक 1690/मिन-2 स्थित प्रिति नगर कॉलोनी, क्षिप्रा पॉवर लूम बुनकर संस्था की भूमि के पास आगर रोड़ कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 41.76 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में - रोड़, पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक 76, उत्तर मे - भूखण्ड क्रमांक 88, दक्षिण मे - भूखण्ड क्रमांक 90 स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति चंद्रकांता गोस्वामी पति बंगालीराम गोस्वामी एवं बंगालीराम पिता बाबुपुरी गोस्वामी ने इसके पूर्वस्वामी जसोदा पति श्री कैलाशचंद्र जी मालवीय से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022018ए1622663 दिनांक 07/09/2018 के माध्यम से क्रय कि एवं बंगालीराम गोस्वामी का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी चंद्रकांता गोस्वामी हुई । तथा चंद्रकांता गोस्वामी ने संपत्ति विक्रय करने का अनुबंध इंद्रा चौरसिया पति श्री दुर्गाशंकर जी से किया है। एवं इंद्रा चौरासिया ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 27.3.26

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेन्द्रसिंह पिता श्री पदमसिंह, निवासी-ग्राम चिकली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन ने श्री भुवानसिंह पिता श्री बगदीराम, निवासी-ग्राम नलवा, तहसील व जिला उज्जैन से उनके भूमिस्वामी स्वत्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 27/1/2/1/1 रकबा 0.90 हेक्टेयर तथा सर्वे नं. 27/2/1 रकबा 0.42 हेक्टेयर स्थित ग्राम नलवा, तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा दिनांक 25-03-2026 को किया है और दोनों के मध्य एक सौदा चिट्ठी का निष्पादन भी गवाहों के समक्ष किया जाकर बयाना पेटे राशि अदा कर दी है तथा विक्रय मूल्य की शेष राशि दिनांक 25-04-2026 तक अदा कर और उक्त कृषि भूमि पर बैंक ऑफ इण्डिया के बंधक के हटने पर विक्रय-पत्र का निष्पादन और पंजीयन किया जाना है। यदि उक्त विक्रय संव्यवहार पर किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था/बैंक अथवा किसी निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि में किसी का कोई हक, हिस्सा, हित निहित हो तो ऐसा व्यक्ति/संस्था इस जाहिर सूचना से 07 दिवस की अवधि में मेरे नीचे दिए गए पते पर मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावें, बाद मियाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त सौदे के पालन में उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमियों के विक्रय-पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करवाकर उपपंजीयक कार्यालय के समक्ष अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेंगे, जो सर्वसाधारण पर बंधनकारक होगा व किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उज्जैन, दिनांक 27-03-2026

**विरेन्द्रसिंह तोमर, एडवोकेट**
**88-ए, मंगल कॉलोनी, सेठी नगर के पास, उज्जैन,**
**मो.नं. 7987694036, 99938-13101**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सर्जना पिता श्री सुरेन्द्र पाण्डेय पति श्री संजीव तिवारी निवासी हाउस नं. जी-1, हाईट्स, वेदीरी स्टेटस, स्वर्णपुरी कॉलोनी, मीयापुर (हेदराबाद) हाल मुकाम 251, महावीर बाग, इन्दौर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 210 ''कृष्णा परिसर'' गोयलाखुर्द, इन्दौर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईष-लम्बाई- 12.19 मीटर चौडाई- 7.62 मीटर भवन का कुल क्षेत्रफल 92.93 वर्गमीटर होकर भवन की चर्तु:सीमा-पूर्व दिशा की ओर-भूखण्ड क्रमांक 202,पश्चिम दिशा की ओर-रोड़ कॉलोनी का, उत्तर दिशा की ओर-भूखण्ड़ क्रमांक 209 व दक्षिण दिशा की ओर-भूखण्ड़ क्रमांक 211 मिला है के मध्य स्थित भवन को दो मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स एवं मय तला व हवाई हक व नल व बिजली कनेक्शन मय मीटर डिपाजिट सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 27-03-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

# समन्वय में आदर्श राम



अपने बाल्यकाल से ही रामजी का समन्वय वाला स्वरूप देखने योग्य है। आज समन्वय के अभाव में परिवार, जातियां, समाज, देश टूट रहे हैं। मानवता टूट रही है। लोग यह समझ नहीं रहे हैं कि जुड़ने–जुटने से बल बढ़ता है, ज्ञान–धन बढ़ता है। रामजी में जोड़ने की अद्भुत क्षमता है। वह सभी को सम्मान देते हैं, कहीं से भी दुर्भाव नहीं आने देते हैं। देखिए, आज भारत वर्ष का स्वरूप बहुत बिगड़ गया है। एक राष्ट्र से टूटकर कई देश बन गए। पाकिस्तान बना, किंतु वहां मुसलमानों को क्या मिला? आज वह देश भारत जैसा विकसित नहीं है। वहां बहुत लड़ाइयां हैं। सबको साथ रखकर जो विकास और आनंद हो सकता है, वह अलग होकर नहीं हो सकता।

समन्वय करने में जो जितना बड़ा होता है, उसका लोकनायकत्व उतना ही बड़ा होता है। डॉ ग्रियर्सन कहते थे कि गोस्वामी तुलसीदास बड़े लोकनायक हैं, पर राम सृष्टि के सबसे बड़े लोकनायक हैं। जबसे सृष्टि हुई, तभी से समन्वय के लिए प्रयास कर रहे हैं। समन्वय से सफलता भी मिलती है और विकास भी आगे बढ़ता है। महर्षि विश्वामित्र और ब्रह्मर्षि वशिष्ठ दो धाराओं के गुरु–महात्मा थे, लेकिन रामजी दोनों के शिष्य रहे। पौराणिक इतिहास है कि ये दोनों ऋषि लंबे समय तक आपस में लड़ते रहे थे, किंतु रामजी जब संसार में आए, तब अपनी विलक्षण बुद्धि, व्यवहार, प्रेम और उदारता से दोनों ऋषियों या अपने गुरुओं को परस्पर मिला दिया। जाति से एक गुरु क्षत्रिय और दूसरा ब्राह्मण। दोनों ऋषियों के जीवन में जो रस उत्पन्न हुआ, वह उनके जीवन में रामजी के आने से ही हुआ। रामजी ने सेतु बनाया। रामजी ने कैकयी और कौसल्या को भी मिला दिया। रामजी जहां जाते हैं, लोगों को मिलाते हैं। जीव भेद, पंथ भेद, जाति भेद को निरर्थक सिद्ध करते चलते हैं। केवट प्रसंग में भी उनका समन्वयक स्वरूप चरम पर दिखता है। उन्होंने लंका और अयोध्या को मिला दिया। अयोध्या वह है, जहां सबको खुश करने का प्रयास किया जाता है और लंका वह है, जहां सबको रुलाने का प्रयास किया जाता है। भगवान की दया से रामजी ने लंका का वातावरण अपने चरित्र और व्यवहार से सुधार दिया। सबको रामभाव की मर्यादा और वेदों की धारा में मिला दिया। पिछड़ी जातियों के सदस्य भी मुख्यधारा के सम्मानित और मर्यादित सदस्य बन गए। रामजी लड़ गए होते राज्य के लिए भरत से, तो रामराज्य कतई संभव नहीं होता। राम के मन में भरत के लिए कोई दुर्भाव नहीं है। संपूर्ण संसार राम–राम जपता है, किंतु रामजी भरत–भरत जपते हैं। यही समन्वय का भाव है। भले हमें जाना पड़ा जंगल, लेकिन भरत हमारा लाड़ला है, भाई है, उसके प्रति कैसा दुर्भाव? ऐसी ही पवित्र स्नेही भावनाओं से रामराज्य विकसित हुआ।



सम्पादकीय

## तेल के बढ़ते भाव

जब दुनिया के तमाम देशों में पेट्रोल और डीजल के भाव बढ़ रहे हैं, तब भारत भला कैसे अछूता रह सकता है? पिछले दिनों भारत में प्रीमियम पेट्रोल और व्यावसायिक डीजल की कीमतों में वृद्धि हुई थी, लेकिन अब एक बड़ी निजी तेल आपूर्ति कंपनी ने पेट्रोल में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। भारत की सबसे बड़ी निजी ईंधन विक्रेता कंपनी नायरा एनर्जी का यह फैसला सरकारी हिस्सेदारी वाली तेल कंपनियों के लिए एक संकेत है। कोई दोराय नहीं, तमाम तेल कंपनियां कच्चे तेल के भाव बढ़ने से बहुत दबाव में हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से कच्चे तेल के भाव में लगभग दोगुने की वृद्धि हो चुकी है। भारत में यह सुखद संयोग ही है कि पेट्रोल, डीजल के खुदरा दाम पर खास फर्क नहीं पड़ा है। सामान्य रूप से इसके लिए चार राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव को वजह बताया जा रहा है। इसके अलावा जो भी वजह हो, तथ्य यही है और लोगों के हित की बात भी है कि उनका ईंधन बजट खास प्रभावित नहीं हुआ है।

हां, कई जगह स्थानीय स्तर पर तेल या गैस का संकट देखा जा रहा है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर जरूरत से ज्यादा खरीदारी या जमाखोरी भी जिम्मेदार है। कुछ जगहों पर पेट्रोल पंपों का कुप्रबंधन भी एक वजह हो सकता है और कुछ जगह तेल कंपनियों के इंतजाम में भी कमी एक वजह हो सकती है। यहां यह स्वीकार करने में हर्ज नहीं कि तेल और गैस को लेकर समाज में चिंता व्याप्त होने लगी है। यहां बेहतर यही होगा कि मानसिक रूप से संकट का सामना करने के लिए तैयार हुआ जाए। तेल के बड़े भंडार वाले अमेरिका में भी पेट्रोल की कीमतों में 30 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है, तो अबाध आपूर्ति वाले चीन में भी पेट्रोल की कीमत में 20 प्रतिशत तक वृद्धि हो चुकी है। यह एक साबित तथ्य है कि दुनिया तेल की जरूरतों को पूरी करने के लिए बहुत हद तक पश्चिम एशिया के देशों पर निर्भर है। अब संकट का समाधान तभी हो सकता है, जब पश्चिम एशिया में तेल की आवाजाही सुचारू हो। तब तक तमाम देशों को संकट झेलने और संयम बरतने के लिए तैयार रहना चाहिए। तेल कंपनियों के लिए घाटा झेलने की एक सीमा है। जब वह घाटा नहीं झेल पाएंगी, तब कीमतों में वृद्धि होगी और पूरी अर्थव्यवस्था पर उसका असर पड़ेगा। ध्यान रहे, भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाने वाली कंपनी नायरा एनर्जी 6,967 पेट्रोल पंपों का संचालन करती है। कंपनी ने कीमतों को बढ़ाकर एक जोखिम भी लिया है, क्योंकि अपने देश में 1,02,075 पेट्रोल पंप हैं।

### विज्ञापनों में सफलता की गारंटी, लेकिन परिणामों में सच्चाई–क्या

# निजी स्कूलों की महंगी फीस, बड़े दावे और हकीकत



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज के दौर में शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह एक तेजी से बढ़ता हुआ व्यवसाय भी बन चुकी है। शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, निजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके साथ-साथ बढ़ रही है उनके प्रचार-प्रसार की रणनीतियाँ। अखबारों, होर्डिंग्स, सोशल मीडिया और यहां तक कि स्थानीय कार्यक्रमों में भी स्कूलों के आकर्षक विज्ञापन देखने को मिलते हैं। हर स्कूल अपने आप को सर्वश्रेष्ठ, भविष्य निर्माता और सफलता की गारंटी देने वाला संस्थान बताता है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये दावे वास्तविकता से मेल खाते हैं, या फिर यह केवल अभिभावकों की उम्मीदों और भावनाओं का लाभ उठाने का एक तरीका है?

आज का अभिभावक पहले से कहीं अधिक जागरूक है, लेकिन साथ ही वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर उतना ही चिंतित भी है। वह चाहता है कि उसका बच्चा एक अच्छे स्कूल में पढ़े, बेहतर सुविधाएं प्राप्त करे और जीवन में आगे बढ़े। इसी सोच के चलते वह अक्सर अपनी आय से अधिक खर्च करने के लिए भी तैयार हो जाता है। कई परिवार ऐसे हैं जो अपनी जरूरतों में कटौती करके, कर्ज लेकर या अतिरिक्त काम करके बच्चों की फीस भरते हैं। उनके मन में यह विश्वास होता है कि महंगे स्कूल में पढ़ाई का मतलब है बेहतर शिक्षा और निश्चित सफलता।

निजी स्कूल इसी मनोविज्ञान को समझते हैं और अपने प्रचार में इसका भरपूर उपयोग करते हैं। वे अपने कैंपस, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लासरूम, एयर-कंडीशंड सुविधाओं, खेल गतिविधियों और अन्य आधुनिक संसाधनों को प्रमुखता से दिखाते हैं। इसके साथ ही, वे प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून और रक्षा सेवाओं में सफलता के बड़े-बड़े दावे भी करते हैं। कई बार विज्ञापनों में कुछ चुनिंदा छात्रों की उपलब्धियों को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है, जैसे वह पूरे स्कूल के स्तर को दशार्ती हों।

लेकिन जब हम इन दावों को गहराई से परखते हैं, तो एक अलग ही तस्वीर सामने आती है। वास्तविकता यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बहुत कम होता है। चाहे वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, इंजीनियरिंग की प्रतिष्ठित परीक्षाएं हों, या फिर कानून और रक्षा सेवाओं से जुड़ी परीक्षाएं–इनमें सफल होने वाले छात्रों की संख्या अक्सर सीमित होती है। कई बार तो पूरे साल में गिने-चुने छात्र ही इन परीक्षाओं को पास कर पाते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्कूल द्वारा किए गए दावे वास्तविकता के अनुरूप हैं?

यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केवल स्कूल की पढ़ाई के आधार पर संभव नहीं होती। अधिकतर छात्र अलग से कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं, जहां उन्हें विशेष रूप से इन परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। वे अतिरिक्त समय, मेहनत और संसाधन लगाते हैं। ऐसे में यदि कोई स्कूल इन छात्रों की सफलता का पूरा श्रेय अपने ऊपर लेता है, तो यह अभिभावकों को गुमराह करने जैसा हो सकता है। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी किसी स्कूल की गुणवत्ता को मापने का एक प्रमुख आधार होते हैं। लेकिन यहां भी अक्सर देखा जाता है कि बहुत कम छात्र ही 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर पाते हैं। 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों की संख्या तो और भी कम होती है। यदि कोई स्कूल खुद को क्षेत्र का अग्रणी संस्थान बताता है, तो उससे यह अपेक्षा की जाती है कि उसके परिणाम भी उसी स्तर के हों। लेकिन कई बार यह अपेक्षा पूरी नहीं हो पाती। फीस का मुद्दा इस पूरे विषय का सबसे संवेदनशील पहलू है। निजी स्कूलों की फीस लगातार बढ़ती जा रही है, और कई मामलों में यह मध्यम वर्गीय परिवारों की आर्थिक क्षमता से बाहर हो जाती है। फीस के अलावा भी कई तरह के अतिरिक्त खर्च होते हैं–जैसे परिवहन शुल्क, यूनिफॉर्म, किताबें, वार्षिक शुल्क, गतिविधि शुल्क आदि। कुल मिलाकर, एक बच्चे की शिक्षा पर होने वाला खर्च काफी अधिक हो जाता है।

यहां यह समझना जरूरी है कि स्कूलों को अपने संचालन के लिए धन की आवश्यकता होती है। अच्छे शिक्षक, आधुनिक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, और सह-पाठयक्रम गतिविधियां–इन सभी का एक खर्च होता है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब फीस और शिक्षा की गुणवत्ता के बीच संतुलन नहीं होता। यदि स्कूल अत्यधिक फीस ले रहा है, तो उससे यह अपेक्षा करना गलत नहीं है कि वह उसी स्तर की गुणवत्ता भी प्रदान करे।

सरकार ने इस समस्या को देखते हुए कई राज्यों में फीस नियंत्रण के लिए नियम और कानून बनाए हैं। फीस रेगुलेशन कमेटियां गठित की गई हैं, जिनका उद्देश्य स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि को रोकना है। लेकिन व्यवहार में इन नियमों का प्रभाव सीमित दिखाई देता है। कई बार अभिभावकों को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं होती, और वे अकेले आवाज उठाने से हिचकिचाते हैं। इस स्थिति में अभिभावकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें केवल विज्ञापनों के आधार पर निर्णय लेने के बजाय स्कूल के वास्तविक प्रदर्शन, शिक्षकों की गुणवत्ता, और पिछले परिणामों का गंभीरता से विश्लेषण करना चाहिए। यदि संभव हो, तो अन्य अभिभावकों से बातचीत करनी चाहिए और उनके अनुभव जानने चाहिए। स्कूल के दावों और वास्तविकता के बीच अंतर को समझना आवश्यक है।

इसके अलावा, यदि अभिभावकों को लगता है कि स्कूल पारदर्शिता नहीं बरत रहा है या गलत दावे कर रहा है, तो उन्हें सामूहिक रूप से आवाज उठानी चाहिए। एकजुट होकर स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगना, और आवश्यक होने पर संबंधित शिक्षा अधिकारियों या बोर्ड के पास शिकायत दर्ज कराना, एक प्रभावी कदम हो सकता है। इससे न केवल समस्या का समाधान हो सकता है, बल्कि भविष्य में ऐसी स्थितियों को रोका भी जा सकता है। यह भी जरूरी है कि हम सफलता की परिभाषा को केवल अंकों और प्रतियोगी परीक्षाओं तक सीमित न रखें। हर बच्चा अलग होता है, उसकी रुचियां और क्षमताएं भी अलग होती हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल एक परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि बच्चे के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए। एक अच्छा स्कूल वही है जो बच्चे को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करे।

## स्मार्ट-मौनऔर सन्नाटे का कोटा

महुआ टोला गांव में जब 'झपटल बाबू' ने प्रधानी का पर्चा भरा, तो उन्होंने शोर-शराबे वाली राजनीति को ही अपना निशाना बना लिया। उनका नया चुनावी मुद्दा था–'डिजिटल मौन और ध्वनि-मुक्ति अभियान'। झपटल बाबू का तर्क था कि गांव की सारी समस्याओं की जड़ सड़क या पानी नहीं, बल्कि 'अनावश्यक बोलना' है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे पूरे गांव में 'शांति-सेंसर' लगवाएंगे और जो व्यक्ति दिन भर में सबसे कम शब्द बोलेगा, उसे 'मौन-रत्न' की उपाधि के साथ मुफ्त राशन मिलेगा। उनका दावा था कि गांव वालों की बातों से जो ऊर्जा बर्बाद होती है, उसे वे एक 'साउंड-कैप्चर' मशीन से इकट्ठा करेंगे और उससे गांव की स्ट्रीट लाइटें जलेंगी। गांव के लोग, जो अब तक चौपाल पर बैठकर दिन भर लफ्फाजी करते थे, अचानक इस 'खामोश क्रांति' के पीछे ऐसे दीवाने हुए कि उन्हें अपनी जबान ही बोझ लगने लगी।

प्रचार के अंतिम सप्ताह में झपटल बाबू ने गांव के बरगद के पेड़ पर एक पुराना और खराब हो चुका माइक्रोवेव टांग दिया और उसे 'ब्रह्मांडीय ध्वनि अवशोषक' घोषित कर दिया। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि यह मशीन केवल उन्हीं की दुआएं सुनेगी जो झपटल बाबू को वोट देने का संकल्प 'मन ही मन' लेंगे। विपक्षी उम्मीदवार 'गपोड़ी लाल' चिल्ला-चिल्लाकर विकास के वादे कर रहे थे, लेकिन झपटल बाबू ने उन्हें 'ध्वनि प्रदूषक' करार देकर जनता की नजरों में गिरा दिया। गांव में एक अजीब सा सन्नाटा पसर गया; लोग इशारों में बात करने लगे और घरों में रेडियो तक बजना बंद हो गया। झपटल बाबू ने एक रजिस्टर बनवाया जिसमें 'मौन-अनुयायियों' के नाम लिखे गए, और जनता को लगा कि बस, अब बिना कुछ बोले ही स्वर्ग का रास्ता खुल जाएगा और गांव 'साइलेंट स्मार्ट विलेज' बन जाएगा। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और झपटल बाबू की ऐतिहासिक जीत हुई, पूरा गांव अपना 'मौन-पुरस्कार' और शांति का लाभ लेने उनके दरवाजे पर जमा हुआ। लोग चुपचाप खड़े थे, उम्मीद में कि अब कोई बड़ा चमत्कार होगा। झपटल बाबू अपनी नई चमचमाती जीप से उतरे और सबके कान में एक-एक रुई का फाहा (कॉटन बॉल) ठूंसते हुए बोले– भाइयों, आज से बोलना तो दूर, सुनना भी बंद कर दो!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 मार्च 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:27 सूर्यास्त 18:37
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दसमी 08:45 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - पुष्य 14:50 उपरांत अश्लेषा
योग - सुकर्मा 20:06 उपरांत धृति
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 08 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**सिंह-** फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## अमेरिका युद्ध जीत भी जाए तो उसे ताबूत के सिवा कुछ न मिलेगा

ईरान अमरीका युद्ध अब पाँचवें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है,और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की रणनीति की भद्द पिट रही है। जी-7 देशों ने भी कह दिया है कि यह अ समाप्त ' युद्ध विश्व को भीषण ऊर्जा संकट की ओर ले जा रहा है।अंततः इसको परमाणु विश्व युद्ध के मुहाने पर रोकना पूरे विश्व की जिम्मेदारी हो चुकी है। ट्रंप का ताजा बयान है कि युद्ध का अंत या शांति सिर्फ ताकत से ही संभव है, उधर ईरान का कहना है कि किसी भी प्रकार की धमकी या ऊर्जा ठिकानों पर एक तरफा हमलों का बदला उसी तरह लिया जाता रहेगा। ( रणनीति में ईरान अमरीका से चार कदम आगे)। यह बात अब अंतरराष्ट्रीय जानकारों को अच्छी तरह समझ आ गई है कि ईरान 23 दिनों बाद भी अपनी सटीक रणनीति में कामयाब हुआ है, वह बहुत चतुराई से युद्ध लंबा खींचना चाहता है,ताकि सभी देशों का दबाव बढ़े,उसने भारी से भारी क्षति के बाद भी घुटने नहीं टेके हैं,और हॉर्मूज से अमेरिका, इजरायल को छोड़ सभी देशों को तेल ले जाने की अनुमति दे रखी है।। (क्या शांति समझौते की कोई संभावना भी है यक्ष प्रश्न!) अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि अंत में किसी शांति समझौते पर तो पहुंचना ही होगा।इसके लिए कतर,मिस्त्र और यू के ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। शर्तें जो संभावित हैं,यह रहेंगी कि 1. ईरान को यूरेनियम संवर्धन को शून्य करना होगा। 2. ईरान को 5वर्षों के लिए मिसाइल कार्यक्रम को बंद करना होगा। 3. नतांज, इसफहान, फोर्डो में परमाणु कार्यक्रम रोकने या बंद करने होंगे। 4. हिजबुल्लाह,हुती और हमास जैसे आतंकी संगठनों को फंडिंग बंद करनी होगी। 5. क्षेत्रीय देशों के साथ हथियार संधि(1000किमी) से अधिक दूरी की मिजाइल प्रक्षेपण न करने की संधि करनी होगी।

इनके अतिरिक्त भी शर्तों की प्रस्तावना बन रही है। (शर्तों की प्रस्तावना में ही उलझने हैं)लेकिन ईरान इन शर्तों पर संधि के लिए तैयार न होगा,जब तक कि उसे समूचे नुकसान की क्षतिपूर्ति न दी जाए।हॉर्मूज पर किसी प्रकार के हमले न करने की गारंटी हो,खड़ी देशों से अमरीकी सेना,हथियार हटाए जाएं,उसके परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह रोका न जाए,अन्यथा सभी देशों जैसे इजरायल,और मिडिल ईस्ट के आसपास के देशों के परमाणु कार्यक्रमों पर भी रोक लगाई जाए। (अमेरिका जीत भी जाए तो वह उसकी साख खो चुका है)। - डॉ प्रदीपसिंह राव

## मुश्किल में पड़े ट्रंप...?

रण की राख अभी ठंडी भी ना थी,
लहरों में उठ रहा था असीम धुआँ।
होर्मूज की साँसें अटकी जा रहीं थीं,
दुनिया देख रही समुंदर का कुआँ।
आवाज आई मित्र बन, संग चलो,
पर आगे कदम ठिठके नजरें झुकी।
जापान भी चुप व ऑस्ट्रेलिया हैं दूर,
आम सहमतियों की राहें रहीं थमी।
दक्षिण कोरिया ने सोचा– देखेंगे,
जर्मनी ने भी सीधा इंकार हैं किया,
तब नाटो की छाया भी अलग हुई,
जब 'विश्वास' ने यह सवाल किया।
वहाँ चेतावनी के 'स्वर' हो गए ऊँचे,
यूं गूंज में खालीपन नजर आया था।
जो साथ थे कल तक इस सफर में,
वर्तमान में ही 'दूरी' का आलम था।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# ब्लड प्रेशर को रखना चाहते हैं कंट्रोल तो आज ही डाइट में शामिल करें

बदलता खान पान और रहन-सहन कई बीमारियों का कारण बन गया है। खराब लाइफस्टाइल की वजह से आज ब्लड प्रेशर यानी बीपी की समस्या आम हो चुकी है। अमूमन हर दूसरे घर में आपको बीपी का एक मरीज जरूर मिलेगा। हमारा दिल खून को पंप करके शरीर के अलग-अलग कोनों तक पहुंचाता है। खून हमारे धमनियों की दीवार पर जो प्रेशर डालते हुए आगे बढ़ता है उसे ही ब्लड प्रेशर या बीपी कहा जाता है। बीपी बढ़ने की वजह से धमनियों और दिल पर दबाव पड़ता है जिससे लोगों को हार्टअटैक या दिल से जुड़ी बीमारियां होती हैं।

### दो तरह का होता है बीपी

सबसे पहले यह समझिए की बीपी दो तरह का होता है। पहला सिस्टोलिक और दूसरा डायस्टोलिक। एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर आमतौर पर 120/80 से कम होता है। यदि किसी व्यक्ति का बीपी इससे कम या ज्यादा है तो उसे बीपी की समस्या होती है। हाई ब्लड प्रेशर की वजह से व्यक्ति को स्ट्रोक, हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर, किडनी फेलियर जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। बीपी के लक्षण आमतौर पर पहले नहीं दिखाई देते इसलिए यह जरूरी है कि नियमित रूप से आप अपने बीपी की जांच करते रहें।



**राजनीति-** हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट के अनुसार, हाई बीपी एक ऐसी स्थिति है जो शरीर की धमनियों को प्रभावित करती है। यदि किसी व्यक्ति को हाई बीपी है तो धमनियों की दीवारों के खिलाफ रक्त का दबाव लगातार बढ़ता है। इससे दिल को खून पंप करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि यदि बीपी का इलाज समय पर नहीं किया गया तो व्यक्ति को स्ट्रोक, दिल का दौरा और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। भक्ति कपूर ने बताया कि जीवन शैली में बदलाव, धूम्रपान न करना, व्यायाम और अच्छे तरह के खानपान से हाई बीपी को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को शुरूआत में हाई बीपी का पता नहीं लगता या जिन्हें ब्लड प्रेशर की ज्यादा समस्या होने लगती है उन्हें दवाइयों की जरूरत पड़ती है। जिन लोगों का ब्लड प्रेशर ज्यादा बड़ा रहता है उन्हें रोजाना बीपी की दवाइयां खाने की सलाह दी जाती है। न्यूट्रीशनिस्ट ने पांच ऐसे चीजों के बारे में बताया है जिन्हें अगर व्यक्ति अपने खानपान में शामिल करें तो बीपी की समस्या को कम किया जा सकता है। आइए जानते है इनके बारे में

**खट्टे खाद्य पदार्थ-** भक्ति कपूर ने बताया कि खट्टी चीजों का सेवन करने से ब्लड प्रेशर मेंटेन रहता है। इनमें विटामिन सी की मात्रा भरपूर पाई जाती है जो बीपी को नियंत्रित करने में मददगार साबित होता है। आप अंगूर, नींबू, संतरे आदि का सेवन कर सकते हैं

**अजवाइन-** अजवाइन भी बीपी की समस्या को कम करता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग, में क्लिनिकल न्यूट्रिशन पूजा पवार ने भी इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि प्रतिदिन चार डंठल अजवाइन का सेवन करने से बीपी की समस्या को कम किया जा सकता है। इसमें फाइटोकेमिकल्स होते हैं जिन्हें फेथलाइड्स कहा जाता है आर्टरी के किनारे पर जो टिश्यूज हैं उसमें ब्लड सकुर्लेशन ठीक से करता है। जिसकी वजह से बीपी में कमी आती है।


**जामुन-** जामुन में एंथोसायनिन होता है जो रक्त में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा को बढ़ाने में मदद करता जिससे बीपी कंट्रोल रहता है।

**कद्दू के बीज-** कद्दू के बीज को पोषक तत्वों का पावर हाउस भी कहा जाता है। कद्दू के बीज का सेवन करने से भी बीपी मेन्टेन रहता है।

धर्म-आस्था

# एक आदर्श शिक्षक के गुण

हम लोगों ने सदैव ही विद्यार्थियों के पांच लक्षणों के बारे में चर्चा की , और समाज को बताया की विद्यार्थी में पांच लक्षण होना चाहिए ।ताकि वह विद्या अर्जन महत्व को समझ सके और समाज में एक विशिष्ट नागरिक की भांति अपने कर्तव्यों का उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर सके ।किंतु विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के भी कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व बनते हैं। कि वह एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपना कार्य किस प्रकार से कर रहा है। साथ ही अपने दायित्वों के निर्वहन से एक स्वस्थ एवं सभ्य समाज को उत्तम विद्यार्थियों कि पौध को एक फलदार वृक्ष के रूप में कैसे विकसित करता है ।इस सुभाषित के माध्यम से एक उत्तम एवं आदर्श शिक्षक में निम्न प्रकार के गुण होना अत्यंत आवश्यक है। जिसके द्वारा एक आदर्श शिक्षक समाज से श्रेष्ठ नागरिक बनाने का जो दायित्व शिक्षक को दिया है ,वह उसे पूर्ण कर विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार कर सके। विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम । शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता ।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति ही नहीं होता, बल्कि वह छात्रों के व्यक्तित्व, विचार और चरित्र का भी निर्माण करता है। एक आदर्श शिक्षक में कुछ विशेष गुणों का होना आवश्यक माना गया है। भारतीय परंपरा में शिक्षक के जिन गुणों को प्रमुख माना गया है, उनमें विद्वत्त्वं, दक्षता, शीलं, सङ्क्रान्ति, अनुशीलनम्, सचेतस्त्वं और प्रसन्नता प्रमुख हैं। इन गुणों के आधार पर ही शिक्षक अपने कर्तव्य का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकता है।

**1. विद्वत्त्वं-** विद्वत्त्वं का अर्थ है विषय का गहरा और व्यापक ज्ञान होना। एक शिक्षक को अपने विषय का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह छात्रों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दे सके और उन्हें विषय की गहराई से समझ प्रदान कर सके। केवल पुस्तक में लिखी बातों को पढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विषय के पीछे के सिद्धांतों, इतिहास और उपयोगिता को भी समझाना आवश्यक होता है। विद्वान शिक्षक छात्रों में जिज्ञासा उत्पन्न करता है और उन्हें ज्ञान की ओर प्रेरित करता है।

**2. दक्षता –** दक्षता का अर्थ है कार्य को कुशलता और प्रभावी ढंग से करना। शिक्षक को पढ़ाने की विधियों में निपुण होना चाहिए, ताकि वह कठिन विषयों को भी सरल और रोचक बना सके। दक्ष शिक्षक विभिन्न शिक्षण तकनीकों, उदाहरणों और गतिविधियों का उपयोग करके छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रेरित करता है। उसकी कक्षा व्यवस्थित, अनुशासित और प्रेरणादायक होती है।

**3. शीलं –** शीलं का अर्थ है अच्छा आचरण, नैतिकता और विनम्रता। शिक्षक का चरित्र छात्रों के लिए आदर्श होता है। छात्र केवल शिक्षक की बातों से ही नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और जीवनशैली से भी सीखते हैं। इसलिए शिक्षक को सत्यनिष्ठ, विनम्र, सहिष्णु और न्यायप्रिय होना चाहिए। अच्छे चरित्र वाला शिक्षक छात्रों में नैतिक मूल्यों का विकास करता है और उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

**4. सङ्क्रान्ति-** सङ्क्रान्ति का अर्थ है ज्ञान को प्रभावी ढंग से छात्रों तक पहुँचाने की क्षमता। किसी विषय का ज्ञान होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे इस प्रकार प्रस्तुत करना भी आवश्यक है कि छात्र उसे आसानी से समझ सकें। एक अच्छा शिक्षक जटिल विषयों को सरल भाषा, उदाहरणों और चित्रों के माध्यम से स्पष्ट करता है। वह छात्रों की समझ के स्तर के अनुसार शिक्षण पद्धति अपनाता है।

**5. अनुशीलनम-** अनुशीलनम का अर्थ है निरंतर अध्ययन और अभ्यास करते रहना। ज्ञान एक निरंतर विकसित होने वाली प्रक्रिया है, इसलिए शिक्षक को भी हमेशा सीखते रहना चाहिए। नए शोध, नई शिक्षण विधियाँ और बदलते समय के अनुसार ज्ञान को अद्यतन रखना आवश्यक है। जो शिक्षक स्वयं सीखने के लिए उत्सुक रहता है, वही अपने छात्रों को भी सीखने के लिए प्रेरित कर सकता है।

**6. सचेतस्त्वं-** सचेतस्त्वं का अर्थ है सजग और जागरूक रहना। शिक्षक को अपने कर्तव्यों, छात्रों की आवश्यकताओं और कक्षा के वातावरण के प्रति सतर्क रहना चाहिए। वह यह समझने में सक्षम हो कि कौन-सा छात्र किस प्रकार की सहायता चाहता है और किस प्रकार की शिक्षण पद्धति अधिक प्रभावी होगी।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,25,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## मेला देखकर लौट रहे युवक पर तलवार से हमला

**शाजापुर।** शहर में सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुए एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। देर रात मेला देखकर अपने परिवार के साथ घर लौट रहे एक युवक पर तलवार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भोईवाड़ा निवासी 32 वर्षीय राजेश केवट बुधवार रात करीब 12 बजे अपनी मां और भांजी के साथ मेला देखकर पैदल घर लौट रहा था। जब वे मनिहारवाड़ी इलाके से गुजर रहा था, तभी वहां रहने वाला अमन पठान अपनी बाइक से तेजी से आया और लापरवाही से कट मारते हुए निकला। राजेश ने जब इस तरह से वाहन चलाने और देखने को लेकर आपत्ति जताई, तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि अमन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## जनपद पंचायत भवन में विकास खण्ड स्तरीय शिविर आयोजित



**खाचरौद।** जनपद के सामुदायिक भवन में आयोजित जन कल्याण की सशक्त पहचान संकल्प से समाधान विकास खण्ड स्तरीय शिविर गुरुवार को क्षेत्र के विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खाचरोद नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश छाजेड़,भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती नेहा साहू, नगर पालिका सीएमओ रवि गुप्ता, जनपद सीईओ गिरिराज शर्मा, ग्रामीण आजीविका मिशन की ब्लॉक मैनेजर श्रीमती वैष्णवी धाकड़ सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। शिविर में विधायक जी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर उपस्थित जनों को संबोधित किया।

## लाल बहादुर शास्त्री ट्रस्ट द्वारा प्याऊ का शुभारंभ




**तराना।** लाल बहादुर शास्त्री ट्रस्ट द्वारा शुद्ध आरो ठंडा जल्द उपलब्ध कराने हेतु नवीन प्याऊ की स्थापना की गई है। महिदपुर नागे स्थित पटेल चौराहे पर ट्रस्ट द्वारा यह नवीन प्याऊ लगाया गया है।क्षेत्र वासियों,यात्रियों आदि को शुद्ध आर ओ का पानी मिलेगा इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक मित्तल, अभिभाषक मुकेश ठाकुर, राजेंद्र खींची आदि उपस्थित रहे।

## परीक्षा परिणाम में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, खिले चेहरे



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रदेशभर में कक्षा 5वीं में 95.14 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं में 93.83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर के संस्था प्रभारी भेरूलाल ओसारा ने बताया कि कक्षा 5वीं में 16 में से 15 तथा कक्षा 8वीं में 17 में से 16 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 8वीं में हर्ष शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुलदीप परमार ने 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं हिमांशी विश्वकर्मा ने 85.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 5वीं में रेणुका यादव ने प्रथम, पीयूष यादव ने द्वितीय एवं तनु शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 93.75 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं का 94.1 प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला।

## सेवा समिति ने तुलसी गौशाला को गोद लिया

**चंदेसरा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत चंदेसरी स्तर पर तुलसी गौशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों सहित स्थानीय सरपंच संतोष मंडोर संस्थापक अनिल कुमावत संयोजक श्रीमती पूजा कुमावत सहित स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों एवं अनेक मातृशक्ति की उपस्थितियों में गौ माता पूजन अतिथि सम्मान गोवंश की वर्तमान आवश्यकता पर विचार विमर्श किया गया गौशाला संचालन की रूपरेखा तय की गई इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ने महालक्ष्मी सेवा संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों में श्री राधा मोहन गौशाला चंदेश्वर पंचकोशी शिविर जीव दया समिति रक्तदान शिविर स्वरोजगार स्वास्थ्य शिविर संचालन के संबंध में जानकारी दी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

### समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो किया जाएगा आंदोलन–विश्वजीत चौहान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा हुए जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात सभी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम में ज्ञापन एसडीएम अभिषेक शर्मा को सौपा।

ज्ञापन में कहा गया कि समिति के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी हमारी मांग है की ऋण जमा की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि किसान अपनी गेहूं बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके दूसरी मांग अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन आयल के टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोका जाए इससे देसी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है तीसरी मांग बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में देवास इंदौर जिले के हजारों किसानों ने एक हजार रुपए में शेयर खरीद कर फैक्ट्री की स्थापना की थी चुकी अब भूमि व्यापारी को दी जा रही है इसलिए किसानों को बाजार मूल्य के हिसाब से शेयर का मुआवजा दिया जाए चौथी मांग अनेक गांवों में बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल का नुकसान हुआ है उसका तत्काल सर्वे कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए पंचवी मांग गेहूं की खरीदी को 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मुल्य मिल सके छठी मांग किसानों की बकाया बिजली बिलों की वसूली पर अस्थाई रोक लगाई जाए एवं बकाया राशि को माफ किया जाए या आसन किस्तों में करने की व्यवस्था की जाए सातवी मांग गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की उपलब्धता किसानो एवं आम नागरिकों को सुनिश्चित की जाए वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की परेशानी को देखते हुए प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञापन के पश्चात संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि अगर हमारी मांग 1 तारीख तक नहीं मानी गई तो हम कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी । जिले से आये सभी किसानो का आभार शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम ने माना ज्ञापन का वचन कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने किया एवं संचालन चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया !

इस अवसर पर कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर मनोज राजानी शौकत हुसैन तंवर सिंह चौहान विक्रम मुकाती पोपसिंह परिहार ज्ञान सिंह दरबार अजय सिंह राजोदा प्रतीक शास्त्री हिम्मत सिंह चावड़ा प्रेम पटेल जाहिद पठान सुजीत सांगते ईश्वर सिंह देवड़ा राजेंद्र सिंह बेस बृजराज सिंह राजावत दिलीप सिंह सोलंकी दिलीप सिंह गुर्जर फूल सिंह सोलंकी गब्बर सिंह चौहान बलराम यादव कैलाश शर्मा अशोक गोयल जितेंद्र सिंह परिहार विक्रम यादव जसवंतपुरी गोस्वामी विजय परमार मलखान सिंह देवड़ा डॉ रितेश शर्मा लुकमान अली विजेंद्र सेंधव सुरेंद्र सेंधव राकेश तिवारी सुनील नागर उस्मान गनी युनुस ठेकेदार डैनी भाई बृजपाल राजावत रजनीश वर्मा सुनील यादव संतोष पटेल संजय रैकवाल पृथ्वीराज पाटीदार अक्षय बाली हेम सिंह नगर राहुल केलोद श्याम नारियाखेड़ा शेखर पटेल शंकर पटेल प्रथम भोजक मदन लाल जेठवा डॉ मुन्ना सरकार जयराम रमेश राकेश खोवारे रवि दरबार हुकम ठाकुर आशीष चौहान धारा सिंह रोजड़ी सीताराम पाटीदार जाकिर भाई बापच्या विजेंद्र बामनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

### किसानों के हक में कांग्रेस का हल्लाबोल

# ऋण चुकाने की मियाद बढ़ाने और सोयाबीन के टैक्स-फ्री आयात के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



गेहूं की खरीदी शुरू होने से पहले ही किसानों पर सोसायटी ऋण चुकाने के दबाव, मौसम की मार और केंद्र की आयात नीतियों से परेशान अन्नदाताओं के समर्थन में गुरुवार को कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर हुंकार भरी। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रदेश व केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा गया। दोपहर करीब 2 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी लामबंद होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। यहां कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि गेहूं की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होनी है, जबकि सोसायटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। उपज बिकने से पहले किसान कर्ज कैसे चुकाएंगे? इसलिए इस तिथि को तत्काल आगे बढ़ाया जाए। अमेरिका के साथ होने वाली ट्रेड डील के तहत सोयाबीन तेल के टैक्स-फ्री आयात का कड़ा विरोध किया गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस फैसले से स्थानीय किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा और उनकी आय सीधे तौर पर प्रभावित होगी। इसे तुरंत रोका जाए। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी दाम दिलाने के लिए गेहूं की खरीदी दर 4000 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की गई है। साथ ही ज्ञापन में बताया कि जिले में इस वर्ष कम बारिश होने के कारण बांध पूरी तरह नहीं भर पाए हैं। इससे सिंचाई का रकबा घट गया है और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक मार झेल रहे किसानों से बैंकों द्वारा की जा रही ऋण वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और उनके बिजली बिल माफ किए जाएं। जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन के माध्यम से मांग की है कि इन ज्वलंत समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। इस प्रदर्शन के दौरान किसान कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुना पुलिस ने जिले के अपराधियों पर कसा सख्त शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों एवं महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराधो को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इन मामलों में त्वरित, सक्रिय एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ थाना पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका से दुष?कर्म के गंभीर मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए महज 06 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 25 मार्च 2026 को फतेहगढ थाने पर एक 13 वर्षीय नाबालिग बालिका द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 22 मार्च 2026 की रात्रि में आरोपी शिवम पुत्र छोटेलाल मीना, निवासी ग्राम लालोनी द्वारा उसकी मर्जी के बिना उसके साथ जबरदस्ती गलत काम (दुष्कर्म) किया, साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी शिववम मीना के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए निदेर्शानुसार फतेहगढ थाना प्रभारी द्वारा पुलिस की टीम गठित कर सक्रिय की गईं । पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ करते हुए सभी संभावित स्थानों पर सघन दविशें दी गईं ।

## देवास में तुलजा भवानी–चामुंडा दर्शन के लिए लंबी कतार लगी

**देवास।** देवास में चैत्र नवरात्र की नवमी पर प्रसिद्ध माता टेकरी पर भक्तों का तांता लगा रहा। नवरात्र के अंतिम दिन बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ पड़े। दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन करने पहुंचे। सुबह से ही माता टेकरी पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जो माता के दर्शन के लिए कतार में लगे थे। नवमी के अवसर पर शुक्रवार शाम बड़ी माता तुलजा भवानी मंदिर में हवन का आयोजन किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। पुजारी परिवार द्वारा दोपहर बाद हवन की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र के दौरान प्रतिदिन माता टेकरी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।



## आरसेटी शाजापुर में कृषि उद्यमी बैच का समापन कार्यक्रम आयोजित




**शाजापुर।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ब्लॉक शुजालपुर के ग्राम डाबरी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में मनरेगा अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति के हितग्राहियों का गैर आवासीय कृषि उद्यमी विषय पर प्रशिक्षण 15 मार्च 2026 से आयोजित किया गया था। उक्त प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम 26 मार्च 2026 को बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जिला शाजापुर में किया गया। उक्त प्रशिक्षण अंतर्गत परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत शाजापुर नितेश यादव द्वारा वीबी जी राम जी योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं 11वी एनडीआरएफ मुख्यालय वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में मौजूद प्रशिक्षणार्थी एवं विभाग के अधिकारियों और आरसेटी स्टाफ को इंस्पेक्टर निलेश दिवानिया द्वारा आपदा प्रबंधन से सम्बंधित जागरूकता प्रदान की गई। एनडीआरएफ का उद्देश्य प्राकृतिक (भूकंप, बाढ़, सुनामी) और मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव व राहत कार्य करना एवं इस सम्बन्ध में जागरूकता प्रदान करना है।

## अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

चंदेसरा। क्षेत्र के श्री राम मंदिरों में रामनवमी के अभिजीत मुहूर्त में सुबह से ही मंदिरों के पवित्रीकरण एवं सुसज्जीत आदि कार्य की तैयारी कर मंदिरों पर नवीन धर्म ध्वजा चढ़ाई गई भगवान को नई पोशाक आभूषणों से सुसज्जित कर विशेष अभिषेक पूजन कर दोपहर 12:00 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंगल आरती कर जन्मोत्सव मनाया गया जहां धर्म परायण जनता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम चंदेसरा चंदेश्वरी मताना दताना प्रेम नगर हामू खेड़ी कुंवारिया नागझिरी करछा हंस खेड़ी मानपुरा खजुरिया कल्याणपुर आदि ग्रामों में श्री राम जन्मोत्सव एवं मंगल आरती कर जन्मोत्सव मनाया गया चंदेश्वर सरपंच पदम सिंह पटेल चंदेश्वरी सरपंच संतोष मंडोरा पार्षद सुगनबाई बाबूलाल वाघेला संजय वर्मा नंदकिशोर पटेल अनिल कुमावत कमल कुशवाहा चंदेश्वरी बादल सिंह चौहान नगझरी कमल सिंह मताना मुकेश नागर चन्देसरी ने सभी धर्म परायण जनता को हार्दिक बधाई दी गई।

## सारंगपुर में गेहूं के खेत में लगी आग

**सारंगपुर।** सारंगपुर में गुरुवार दोपहर अकोदिया रोड स्थित स्टेट हाईवे-41 पर उपजेल के पास गेहूं के खेत में आग लग गई। इस घटना में कई बीघा में फैली पकी हुई फसल जलकर राख हो गई। आग पर काबू पाने के लिए किसान और दमकलकर्मी दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैली और तेज हवा के कारण इसने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते लहलहाती फसल जलने लगी। खेतों से उठता धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया, जिससे स्टेट हाईवे पर आवागमन भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड के साथ स्थानीय किसान भी अपने निजी टैंकरों और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। हालांकि, तेज हवा के कारण आग पर नियंत्रण पाना चुनौतीपूर्ण रहा। आग लगने का प्रारंभिक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। किसानों का अनुमान है कि ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण यह हादसा हुआ होगा।

## मंदिरों में सुंदरकांड पाठ; दोपहर में महाआरती और आतिशबाजी

**बदनावर।** बदनावर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व नगर सहित अंचल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजे मंदिरों में महाआरती की गई, जिसके बाद जोरदार आतिशबाजी हुई और प्रसादी का वितरण किया गया। मुख्य समारोह नगर पालिका प्रांगण से लगे राम मंदिर में आयोजित किया गया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह सुंदरकांड का पाठ किया गया और रात में मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से रोशन किया गया था। पुजारी पं. संजय अवस्थी और विजय अवस्थी ने राम दरबार का अभिषेक कर मनमोहक श्रृंगार किया। आनंद नवयुवक मंडल की टीम ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं, वहीं महिलाओं ने भी भजन-कीर्तन किए। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य महाआरती उतारी गई।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि 1-ईश्वरसिंह राठौड़ पिता श्री कमलसिंह राठौड़ आयु 38 वर्ष, व्यवसाय कृषि, जाति-राजपूत, निवासी ग्राम उण्डासा तह० व जिला उज्जैन म०प्र० 2-विजय सिंह पिता श्री मेहरबान सिंह आयु 44 वर्ष, व्यवसाय कृषि, जाति-राजपूत, निवासी ग्राम कमल्या खामोद तह० सांवेर जिला इदौर म०प्र० से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक-43/5 रकबा 0.50 हैक्टर, सर्वे नं0-43/3/1 रकबा 0.24 हेक्टर, सर्वे नं0-43/4/1 रकबा 0.06 हैक्टर, कुल किता 3 कुल रकबा 0.80 हेक्टर भूमि ग्राम पिपल्या मुज्फता, प.ह.नं.-66 तह. घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विकय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 27-03-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा,**
**उज्जैन 99812-60727**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01-श्रीमती सुनिता मौलिक पति स्व. अशोके मौलिक, निवासी-7/2 जयसिंहपुरा उज्जैन (म. प्र.) 02-श्री आकाश मौलिक पिता स्व. अशोक मौलिक, निवासी-98/23 पिपलीबाजार, जयसिंहपुरा गली क्रमांक-4 उज्जैन (म. प्र.) 03-श्री अभिषेक मौलिक पिता स्व. अशोक मौलिक, निवासी-98/23 पिपलीबाजार, जयसिंहपुरा गली क्रमांक-4 उज्जैन (म. प्र.) 04-श्रीमती अमिता तिवारी पति श्री ऋषिकेश तिवारी, पुत्री स्व. अशोक मौलिक, निवासी-422 मढाताल विजन पेलेस होटल के पास, जबलपुर (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन म्यु. क्रमांक-98/17 जो कि ₹जयसिंहपुरा मार्ग गली क्रमांक-3 उज्जैन (म. प्र.) में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर स्थित है। भवन वर्तमान में एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। उक्त भवन की पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-15.24 मीटर, चौड़ाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-05.49 मीटर होकर कुल क्षेत्रफल-83.66 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में-मकान रामरतन का, पश्चिम दिशा में मकान रामकरण का, उत्तर दिशा में रास्ता एवं दक्षिण दिशा में-गली में स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रये पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-27.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 117 ई.डब्ल्यु.एस. -(196 SC/ST) अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षैत्रफल 32.40 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- भूखण्ड क्रमांक ई-145, पश्चिम मे- 9.00 मीटर चैडी सडक, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक ई-116 एवं दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक ई-118 स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्री प्रकाश सूर्यवंशी पिता श्री लक्ष्मण सूर्यवंशी ने इसके पूर्वस्वामी श्रीमति ममता ठक्कर पति स्व. श्री गोकुल प्रसाद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022018A1530916 दिनांक 26/07/2018 के माध्यम से क्रय कि। एवं प्रकाश सूर्यवंशी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का संशोधन पत्र क्रमांक 414 दिनांक 29/02/2012 तथा लीज पत्र क्रमांक 6565 दिनांक 13/01/2012 मूल दस्तावेज कही गुम हो गये है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त दोनों मूल दस्तावेज कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा 19 मार्च को शुभारंभ किया गया यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रीमान कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं परियोजना अधिकारी पराग जैन के मार्गदर्शन में आज नगर परिषद कुकड़ेश्वर में नगर परिषद अध्यक्ष महोदया श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा एवं नायब तहसीलदार नवीन छलोत्रे, अध्यक्ष प्रतिनिधि महोदय महेंद्र पटवा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह परमार व पार्षद श्रीमती कलावती बाई प्रेमचंद मोदी, श्रीमती टीना बाई सागर पेंटर, श्रीमती कौशल्या बाई लीलाधर काजू मोदी, श्रीमती शांति बाई विजेश माली,पार्षद राजू मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि सागर पेंटर, लोकेश मोदी,विधायक प्रतिनिधि कैलाश मालवीय (घाटी) एवं संबंधित नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा 25 मार्च को श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव तालाब में मां गंगा की पूजा अर्चना कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया ।

## भक्तिमय वातावरण में कन्या पूजन सम्पन्न

**रतलाम।** 80 फीट रोड स्थित रामेश्वर मंदिर में 26 मार्च को माँ दुर्गा की असीम कृपा एवं भक्तों की आस्था के साथ महा अष्टमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से हवन एवं कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।पूरे मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, भजन एवं माँ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय एवं ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर सनातन सुंदरकांड मंडल के संचालक पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा जीव सेवा के भाव को आगे बढ़ाते हुए पक्षियों के लिए जल से भरे 101 सकोरों का वितरण किया गया, जो सेवा, संवेदना और प्रकृति संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश है। इस पुण्य अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती निशा पवन सोमानी की विशेष उपस्थिति रही।

## मारू भाम्बी समाज का सामाजिक मिलन समारोह 29 मार्च को

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर श्री मारू भाम्बी समाज उत्थान समिति द्वारा सामाजिक मिलन समारोह (गोठ) का आयोजन 29 मार्च 2026 रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर ४ बजे से श्री हनुमान बाग पर आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।आयोजन समिति के संयोजक सोदान बामणिया एवं सहयोगी टीम के सदस्य राजू बालेचा, नरेश बावेल, जितेंद्र बारूपाल और राजेश जोहरम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी मेल-मिलाप, भाईचारा और एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मनोरंजक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में दौड़, चेयर रेस, डांस तथा सॉफा बांधो जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी, जिससे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन के दौरान पारंपरिक माहौल के साथ उत्सव का उल्लास भी देखने को मिलेगा।समिति ने समाज के सभी लोगों से सपरिवार उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**विभिन्न कार्य**

संख्या : W/623/5/3/NIT. दिनांक : 24.03.2026, मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्य–लेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, के लिये "खुली निविदा" ई–निविदा के माध्यम से वेबसाईट : www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है। ई–टेंडरिंग : RTM-2025-26-202, कार्य का नाम : रतलाम डिविजन– डीईएन/डब्ल्यू/रतलाम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दैनिक ट्रैक रखरखाव के लिए भारतीय रेल के विभिन्न डिपो/स्टेशनों/स्थानों से जीडीए–एनएडी खंड के एनएडी डिपो और विभिन्न स्टेशनों तक विभिन्न प्रकार की पथ सामग्री जैसे रेल्स, स्लीपर्स, फिटिंग्स, स्विच, क्रॉसिंग, ग्लूइड ज्वाइंट, एसईजे आदि का परिवहन। अनुमानित मात्रा : निविदा सूची के अनुसार, अनुमानित लागत : ₹4,28,34,535.08/–, बयाना राशि : ₹8,56,700/–, कार्य समापन अवधि : 38 माह, समान प्रकार के कार्य : कोई परिवहन कार्य/सिविल इंजीनियरिंग/ट्रैक कार्य। वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि : 23.03.2026, निविदा खुलने की तिथि : 17.04.2026, • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

SNP-520

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

<u>रामनवमी उत्सव, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़</u>

# श्री राम और मां कालिका माता मंदिर में हुई महाआरती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

चैत्र नवरात्रि की रामनवमी शुक्रवार को रतलाम में मनाई जा रही है। श्री राम देवालयों को आकर्षक सजाया गया है। भगवान राम के दर्शन के लिए सुबह से देवालयों में भीड़ उमड़ रही है। महाआरती के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर १२ बजे मंदिरों के पट खुलते ही जय-जय श्री राम का उद्घोष के साथ पूरा माहौल भगवान राम की भक्ति में लीन हो गया।

शहर के सैलाना रोड स्थित प्रमुख श्री राम मंदिर को आकर्षक सजाया गया। जन्मोत्सव के पहले भजन-किर्तन रखे गए। दोपहर १२ बजते ही मंदिर के पट खोल महाआरती की गई। इसके पहले नन्हें बच्चों ने ढोल-ताशे पर



आकर्षक प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई।

मां कालिका माता मंदिर परिसर स्थित श्री राम मंदिर को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया। यहां पर भी महाआरती कर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। ढोल-ताशे के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। धूप से बचाव के लिए मंदिर के बाहर टेंट लगाया गया। कालीन बिछाई गई। भगवान राम के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई।

**मां कालिका माता मंदिर में हुआ हवन**

रामनवमी के मौके पर मां कालिका माता मंदिर पर हवन हुआ। मां कालिका मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार किया। मंदिर को भी सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालूओं ने दर्शन कर हवन कुंड की परिक्रमा लगाई। शहर के अन्य देवालयों में भी सुबह से धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है।

<u>अंधविश्वास के जाल में फंसी बुजुर्ग महिला</u>

# चमत्कार का झांसा देकर ले गये सोने का मंगलसूत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

स्थानीय अफीम गोदाम रोड स्थित जनपद पंचायत के सामने दिनदहाड़े ठगी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहाँ बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला को अपनी धार्मिक बातों और कथित चमत्कार के जाल में उलझाकर उनका कीमती मंगलसूत्र लूट लिया। पीड़िता पद्मावती चौहान, जो अमलेश्वर महादेव मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं, उन्हें रास्ते में शातिर ठगों ने अपना निशाना बनाया। वारदात की शुरूआत तब हुई



जब एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को रोककर किसी डॉक्टर का पता पूछा और फिर धीरे-धीरे उन्हें अपनी बातों के मोहपाश में बांधना शुरू कर दिया।

ठगों ने बड़ी चतुराई से महिला को "भाग्यशाली" बताते हुए उनके हाथों से पानी पीने की इच्छा जताई और बातों-बातों में उनकी पारिवारिक समस्याओं की जानकारी निकाल ली।

विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने उन्हीं जानकारियों को चमत्कार की तरह पेश किया और अंधविश्वास का सहारा लेते हुए महिला को यकीन दिलाया कि उनकी परेशानियों की जड़ उनके गले में मौजूद मंगलसूत्र है। इस दौरान आरोपियों ने एक सुनियोजित नाटक रचा, जिसमें एक साथी को 81 कदम चलवाकर ईश्वरीय दर्शन होने का ढोंग किया गया। महिला को पूरी तरह अपने वश में करने के बाद, ठगों ने उन्हें मंगलसूत्र उतारकर पूजा के लोटे में रखने और बिना पीछे मुड़कर देखे 81 कदम चलने का निर्देश दिया। जैसे ही महिला ओम का जाप करते हुए आगे बढ़ीं, पहले से तैयार बाइक सवार बदमाश लोटा लेकर चंपत हो गए।

कुछ देर बाद जब महिला वापस लौटीं, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## स्वतंत्रता सेनानियों की झांकियां आकर्षण का केंद्र

**रतलाम।** श्री रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीराम जी की भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन गुरुवार शाम को किया गया। यह शोभायात्रा इंद्रलोक नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से आरती पश्चात प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से 100 बाल हनुमान, माता शबरी की कुटिया की झांकी, घोड़े पर सवार राज डेलन शाह, बिरसा मुंडा, टंट्या मामा एवं रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में सजे बालक-बालिकाएं प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, गणमान्य नागरिक एवं युवा तरुणाई उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का समापन आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

# विद्यार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत, 1 अप्रैल से सजेगा भव्य पुस्तक मेला

<u>**पुस्तक बैंक से मिलेगी जरूरतमंदों को नि:शुल्क पुस्तकें**</u>

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

स्थानीय संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागार में आगामी 1 से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं स्टेशनरी मेले का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर अदिती गर्ग के विशेष निर्देशन में आयोजित इस मेले का मुख्य लक्ष्य अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना और विद्यार्थियों को रियायती दरों पर पठन सामग्री उपलब्ध कराना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का समय प्रतिदिन दोप. 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। इस मेले की विशेषता यहाँ मिलने वाली छूट है, जिसमें निजी प्रकाशकों की पुस्तकों पर 15 प्रतिशत, सभी प्रकार की कॉपियों पर 30 प्रतिशत और स्कूल यूनिफॉर्म, टाई व मोजों पर 10 प्रतिशत की सीधी रियायत दी जाएगी। एनसीईआरटी की पुस्तकें शासन के निर्धारित नेट रेट पर ही उपलब्ध रहेंगी। इस मेले में देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे ऑक्सफोर्ड, पियरसन, नवनीत, नेक्स्ट एजुकेशन और मैकमिलन आदि की पुस्तकें एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने पुलिस कंट्रोल रूम में पुस्तक विक्रेता संघ के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की है, जिसमें यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि मेला अवधि के दौरान शहर की निजी दुकानों पर पुस्तकों का विक्रय बंद रहेगा ताकि मेले का लाभ सभी को मिल सके। प्रशासन ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए यहाँ एक "पुस्तक बैंक" की स्थापना भी की है, जहाँ सक्षम लोग अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर सकेंगे जिन्हें बाद में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

# मंदसौर में भूकंप आपदा को लेकर कार्यशाला आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के खेल परिसर में भूकंप आपदा पूर्व तैयारी एवं बचाव को लेकर एक दिवसीय विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ वीरेंद्र सिंह जादौन के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन के मुख्य प्रशिक्षक और सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी ने उपस्थित जनों को भूकंप की वैज्ञानिक संरचना, इसके आने के कारणों और इससे होने वाली संभावित क्षति के बारे में विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के व्यावहारिक सत्र में प्लाटून कमांडर संदीप भंवर और रब्बी काजी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड की टीम ने आधुनिक बचाव उपकरणों का प्रदर्शन किया। टीम ने मलबे में दबे लोगों की खोज करने, उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने और अस्पताल पहुँचाने से पूर्व दी जाने वाली सीपीआर तकनीक का जीवंत अभ्यास कराया। कार्यशाला के विशेष आकर्षण के रूप में सिविल डिफेंस टीम ने खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक मॉकड्रिल भी आयोजित की। इसमें सिखाया गया कि यदि व्यक्ति खुले मैदान में हो, तो भूकंप के झटकों के दौरान स्वयं को कैसे सुरक्षित रख सकता है।

## 5 लाख की एमडी ड्रग के साथ युवक गिरफ्तार

**रतलाम।** पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डीडी नगर थाना पुलिस ने 5 ग्राम एमडी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 5 लाख रुपए है।डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर भील धर्मशाला, बाजना बस स्टैंड एक युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 5 ग्राम एमडी मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ईश्वर निनामा (26) निवासी खेतलपुर बताया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है।थाना प्रभारी के अनुसार रिमांड अवधि में एमडी स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। बरामद एमडी की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 5 लाख रुपए है। यह भी जानकारी सामने आई है कि युवक नशे का आदि है। यह एमडी किससे लेकर आया था, इसके बारे में जानकारी जुटाई।

<u>नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु</u>

# जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

शासन द्वारा नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की तस्करी की रोकथाम एव बेहतर समन्वय हेतु जिला स्तरीय समिति गठन कर कार्यवाही हेतु निर्देश के पालन में नारकोटिक्स एव नशीली दवाओं की रोकथाम एव बेहतर समन्वय के तारतम्य में की जिला स्तरीय समिति की बैठक श्री हिमांशु चन्द्रा अध्यक्ष एवं कलेक्टर जिला नीमच एव श्री अंकित जायसवाल सचिव एवं पुलिस अधीक्षक जिला नीमच के नेतृत्व में दिनाक 26 मार्च को कलेक्टर सभा ग्रह नीमच पर आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा निम्न मुद्दो पर चर्चा उपरांत आवश्यक कार्यवाही हेतु योजना बनाई गई। *जिसमे मुख्य रुप से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी करना। ऐसे प्रकरण जो क्रॉस स्टेट संबधी हो उनकी जॉच की प्रगति की निगरानी करना। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढावा देना। जिले में मादक फसलो की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों मे वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू करना।

जिले में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्रों का पर्यवेक्षण करना। समिति द्वारा नशे के आदि लोगों को चिन्हित कर नशे की प्रवृत्ति से छुटकारा दिलाना तथा उनको समाज के परिवेश में लाना। नशा प्रभावी क्षेत्रों/हॉट स्पॉट का आँकलन कर ऐसे स्थानों पर अवेयरनेस कार्यक्रम/कैम्प आयोजन करना है।

# नवकार महामंत्र की शक्ति और ध्यान साधना के साथ पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव का हुआ शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर पांच दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन प्रातःकाल नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में नवकार मंत्र पर ध्यान साधना का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा ने भारतीय संस्कृति में साधना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी गौरवशाली भारतीय परंपरा में साधना और सिद्धि का अटूट संबंध रहा है। बीज अक्षरों से निर्मित मंत्रों की शक्ति ही हमारी विभिन्न भाषाओं का आधार है। जिस प्रकार गायत्री महामंत्र और नवकार महामंत्र की निरंतर साधना से व्यक्ति को अलौकिक सिद्धि प्राप्त होती है,

उसी प्रकार भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करना ही सच्ची साधना है। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन



ने महावीर जन्म कल्याणक पर्व के पांच दिवसीय महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समस्त समाजजनों से आह्वान किया कि वे अपनी सक्रिय सहभागिता के माध्यम से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं। योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने नवकार महामंत्र की वैज्ञानिकता और आध्यात्मिक विशेषता समझाते हुए उपस्थित साधकों को गहन ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे पूरा परिसर शांति और एकाग्रता के केंद्र में तब्दील हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर और योग ऋषि पतंजलि के चित्रों पर सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा, योग गुरु सुरेन्द्र जैन, सजैस अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, महामंत्री शेखर कासमा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, योग संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली विनोद मेहता, योग संस्था के प्रेमेन्द्र चौरड़िया, प्रीति जैन, जितेश फरक्या, जिनेन्द्र उकावत, कृष्णा मण्डलोई और विजय पलोड़ आदि ने किया।

योग गुरु श्री जैन का उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल और माला भेंट कर आत्मीय अभिनंदन सकल जैन समाज द्वारा किया गया।इस अवसर पर सर्वश्री बी.एल. नलवाया, पारसमल जैन, अंकुश जैन, आशीष खमेसरा, अंजली जैन, राजेंद्र पामेचा, मनीष मित्तल, आदिश जैन, मितेश तरवेचा, नीता जैन, सुभाष पाटीदार, गोपालकृष्ण पलोड़, घनश्याम पाटीदार, राजकुमार अग्रवाल, गोपाल पाटीदार, महेश सेठिया, आनन्द कश्यप, राजेन्द्र चाष्टा, सुमन रावल, शांकी कश्यप, ज्योति चौरड़िया, जापानी भावनानी, नीलम जैसवानी, करिश्मा गोखलानी, मनीषा मेहता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीए दिनेश जैन ने किया, आभार सजैस महामंत्री शेखर कासमा ने माना।



## रेल राजस्व बढ़ाने वाले चेकिंग स्टाफ का किया सम्मान

**रतलाम।** रतलाम रेल मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेल राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने वाले चेकिंग स्टाफ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 50 लाख रुपये से अधिक आय देने के लक्ष्य को पूरा करने पर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित कर्मचारियों में बी.एल. मीणा (सीटीआई), राकेश यादव (सीटीआई), मनोज खरे (सीटीआई), महेंद्र शर्मा (डिप्टी सीटीआई) और हितेश अग्रवाल (डिप्टी सीटीआई) शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक आश्विन कुमार एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिना केवलरमानी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर समस्त स्टाफ ने मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सांवलिया जी दर्शन करने जा रहे श्रद्धांलुओं की कार पलटी

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चल्दू में रात्रि 12 बजे के लगभग हाईवे पर सड़क हादसा हो गया। जिसमें सांवलिया जी जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी खाई गई। अनियंत्रित कर के इस हादसे में 1 व्यक्ति की दुखद मौत हो गई द्य जबकि 2 अन्य घायल हो गए। घायलों को मामली चोट लगी है। तीनों कार सवार सीहोर जिले के आष्टा से मंडफिया सांवलिया जी दर्शन के लिए जा रहे थे द्य तभी चल्दू के यहां ड्राइवर की नींद लगने से कार पलटी खा गई । मिली जानकारी अनुसार मृतक राजकुमार पिता शुभम धनगर निवासी ग्राम बहुमूल्य खींची तहसील आष्टा जिला सीहोर बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस ने जीनो को अस्पताल पहुंचाया और मामला जांच में लिया है।

## लायंस की प्रेरणा से चंदा कोठारी ने लिया देहदान का संकल्प



**मंदसौर।** लायंस क्लब की प्रेरणा से स्थानीय निवासी चंदा स्व. घीसालाल कोठारी ने अपनी मृत्यु के पश्चात देहदान करने का निर्णय लिया है। श्रीमती कोठारी के इस निर्णय की सराहना करने के लिए लायंस क्लब ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मान-पत्र भेंट किया व उनके पुत्र चिराग कोठारी और पुत्रवधू अंजली कोठारी का भी आभार व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि एक मृत देह चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक ज्ञान का सबसे बड़ा स्त्रोत होती है। श्रीमती कोठारी का यह कदम समाज में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ने का काम करेगा और अन्य लोगों को भी मरणोपरांत परोपकार के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान क्लब के प्रदीप कीमती, जितेंद्र मित्तल, सुभाष बग्गा, सुनील बाफना, लोकेंद्र धाकड़, विकास अग्रवाल और डॉ. के.सी. श्रीमाल भी उपस्थित रहे।

## सोनिया गांधी के शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर कांग्रेसजनों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**मल्हारगढ़।** यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया जी गांधी जिनका स्वास्थ खराब जिनका दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कांग्रेसजनों ने गुरुवार की शाम 7.30 बजे खेडापति बालाजी मंदिर कचनारा में श्रीमती सोनियागांधी जी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना को लेकर प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम जी सिसौदिया, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल जी शर्मा ने साथियो के साथ खेडापति बालाजी मंदिर कचनारा में पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा का पाठ किया।इस मौके पर बाबू भाई,नगर कांग्रेस अध्यक्ष द्वय किशोर उणियारा, सुभाष पाटीदार,मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया, कन्हैयालाल गुर्जर,कन्हैयालाल पाटीदार सूपड़ा,किशोर टेलर,अनिल मूलासिया,राहुल अहीर, सुनील भगत,पवन पाटीदार,पर्वतसिंह बोराना, राजेन्द्रसिंह चंगेरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## श्री राम नवमी महोत्सव मनाया

**रतलाम।** श्री अयोध्यानाथ मंदिर, गढ़ कैलाश मंदिर परिसर में राम नवमी महा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रभु श्री राम का अलौकिक श्रृंगार सभी के मन में बस गया । मध्यान्ह में ठीक 12 बजे जैसे ही भगवानश्रीराम के जन्म का मंगल प्रसंग आया सम्पूर्ण क्षेत्र शंख, नगाड़े, ढोल-ढमाकों की गूंज के साथ जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।



## ट्रिनिटी स्कूल का रिजल्ट सभी छात्र प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

**महिदपुर रोड।** नगर के अशा सकीय विद्यालय ट्रिनिटी इंटरनेश नल स्कूल का 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में हुए विद्यालय के संचालक आशुतोष यादव ने जानकारी देते बताया विद्यालय का कक्षा पांचवी तथा आठवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा वलास 8 वीं में आशा डेलवार ने 84.5% ,शिवानी भीमावत 81.6 ने तथा कोमल चौहान ने 81.5% प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 5 वीं में प्रियांशी गोयल ने 80.75% ,पलक नरव रिया ने 74.25% तथा राजपाल राव 72.5% अंक प्राप्त कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफलता प्राप्त सभी विद्यार्थियों का विद्यालय की और से सम्मान किया गया।

## सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद रिक्त होने पर शासन ने की अस्थायी नियुक्ति

### नया कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप सोनी नियुक्त

**सुसनेर।** नगर परिषद में अध्यक्ष पद को लेकर जारी असमंजस के बीच मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने



महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर परिषद सुसनेर में अध्यक्ष पद रिक्त होने की स्थिति में अस्थायी व्यवस्था करते हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रदीप बद्रीलाल सोनी को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 37 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था आगामी आदेश अथवा नए अध्यक्ष के निर्वाचन तक प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में अध्यक्ष पद को लेकर विभागीय कार्रवाई के चलते पद रिक्त हुआ था।जिसके बाद प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। शासन के इस निर्णय से नगर परिषद के कार्यों में अब गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। यह आदेश 25 मार्च 2026 को भोपाल से जारी किया गया है। जिस पर संबंधित अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर भी अंकित हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया



**महिदपुर।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का जन्मदिन बुधवार को महिदपुर में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ पदाधिकारीयो के नेतृत्व में मनाया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने गोपाल गौशाला पहुंचकर गौ माता का पूजन कर गायों को आहार एवं हरा चारा खिलाया साथ ही लोकतंत्र सेनानियो (मीसाबंदी) और भाजपा के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांतिलाल राठी, नरेन्द्र चैधरी, मनोहर सोनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रईस भाई अंसारी, विजय चोधरी, कृष्णकांत कसेरा, केलाश जोशी, नरेन्द्र व्यास, उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता विरेन्द्र नवलखा, पूर्व पार्षद विक्की यादव, पूर्व न.पा. उपाध्यक्ष ललित गार्डी, पार्षद जगदीश राठौर, पूर्व सोशल मिडीया नगर संयोजक एडव्होकेट गौरव दशोरा, पूर्व पार्षद शरद परमार, मण्डल उपाध्यक्ष केलाश सिसोदिया, पूर्व एल्डरमेन फकीरचन्द्र मालवीय, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रहलाद बेरागी, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, बुथ अध्यक्ष दिपक उपाध्याय, सोनु बैरागी, निर्मल मालवीय, आशिष तिवारी, हर्षित मोदी, कन्हैयादास बैरागी, सुनील भानोपा, प्रमोद बैरागी, राजु कहार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी नगर मण्डल महामंत्री देवेन्द्र उद्धव ने दी।

## प्रतिभावान स्कूली छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया



**महिदपुर रोड।** प्रदेश शासन की प्रतिभावान स्कूली छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण योजना अंतर्गत महिदपुर ब्लॉक के लगभग 160 स्कूली छात्र-छात्राओं को उज्जैन की यात्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयसिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को करवाई गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी चौहान ने बताया इस शैक्षणिक यात्रा में महिदपुर ब्लॉक के 30 हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्रा सम्मिलित थे। इस यात्रा में छात्र छात्राओं ने उज्जैन की जंतर-मंतर वैधशाला में सौर परिवार, महर्षि सांदीपनि आश्रम में भगवान कृष्ण की विद्या अध्ययन संबंधी, जानकारी, मंगलनाथ मंदिर तथा कालियादेह महल की जानकारी प्राप्त की। कालियादेह महल में बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिये उज्जैन जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री, एडीपीसी गिरीश ति वारी, घटिया विकासखंड के शिक्षा अधिकारी सतीजा भी उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर इस शैक्षणि क यात्रा के प्रभारी संजय त्रिवेदी, सह प्रभारी राजेश कमलकर, शासकीय कन्या हाई स्कूल महिदपुर रोड के प्राचार्य अनिल कुमार सेठिया, बंशीलाल सौलंकी,शांति लाल सूर्यवंशी,पूनम राय, शुभांगी शर्मा, चेतना माली, चेतन पाठक, रितेश निवार्णी आदि उपस्थित थे।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की अभिनव पहल:

# किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 1.15 लाख की आर्थिक मदद, समाज के लिए बनी मिसाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।



मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नरसिंहगढ़ उप शाखा द्वारा एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पीड़ित परिवार को 1,15,000 रु की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

नरसिंहगढ़ नगर के युवा सचिन गौतम जो लंबे समय से दोनों किडनी खराब होने के कारण डायलिसिस पर जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें उनकी माता द्वारा किडनी दान किया जा रहा है। उनका ऑपरेशन 27 तारीख को निर्धारित है, जिसमें लगभग 5 लाख रु का व्यय अनुमानित है। बीमारी के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी, जिसके चलते उन्होंने समाज से सहयोग की अपील की। पीड़ित परिवार ने सहायता के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी नरसिंहगढ़ के तहसील अध्यक्ष एवं एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा जिला सचिव संजय शेखर शर्मा से संपर्क किया। उनकी पहल पर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा दानदाताओं से सहयोग का आग्रह किया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये, जब नगर की समाजसेवी दानदाता महिला संजना अभिषेक अग्रवाल ने उदारता का परिचय देते हुए 1,00,000 रु की राशि प्रदान की। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा 15,000 रु की राशि जोड़कर कुल 1,15,000 रु की सहायता राशि पीड़ित की बहन संजना गौतम को सौंपी गई।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी उप शाखा नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष एवं एसडीएम सुशील कुमार सिंह, जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष एसडीओपी मिनी शुक्ला, अभिभाषक संघ नरसिंहगढ़ के वरिष्ठ सदस्य बृजेंद्र मोहन सक्सेना, अध्यक्ष कैलाश यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सभी ने दानदाता महिला संजना अग्रवाल की सराहना की तथा समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। विशेष बात यह रही कि दानदाता महिला स्वयं उपस्थित न होकर रेड क्रॉस सोसाइटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए राशि सौंपी और भविष्य में भी जनहित कार्यों में सहयोग का संकल्प लिया। एसडीएम सुशील कुमार सिंह एवं जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने समाज के सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे आगे आकर इस जरूरतमंद परिवार की सहायता करें, ताकि युवक का सफल इलाज संभव हो सके। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सदैव जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहकर जनसेवा और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पहल न केवल एक परिवार के लिए जीवनदान साबित हो रही है, बल्कि पूरे समाज को सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी दे रही है।

## दो दिवसीय धार्मिक सामाजिक आयोजनों के साथ मनेगा प्रभु महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

संपूर्ण विशव को सत्य अहिंसा जियो और जीने दो का संदेश देने वाले श्रमण भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव संपूर्ण भारतवर्ष के साथ-साथ नगर में भी दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के साथ हर्ष उल्लास उमंग के साथ मनाया जा रहा है इस आयोजन को संपन्न करने के लिए विभिन्न समितियां का गठन कर दायित्व दिया जा चुका है सभी सदस्य पूरे समर्पण से महोत्सव आयोजनों को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



### ये होगे आयोजन

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के प्रवक्ता राजकुमार नाहर ने बताया कि दो दिवसीय आयोजनों के अंतर्गत 30 मार्च को प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी प्रातः 8:30 बजे चल समारोह महाराणा प्रताप जैन मंदिर से प्रारंभ होकर गेंदा बावड़ी आजाद चौक गांधी चौक स्थित जैन बड़ा मंदिर पर उद्बोधन होंगे। पुनःधानमंडी डाबरी चौक सुभाष पथ होता हुआ समापन होगा। दोपहर में बच्चों के खेल प्रोग्राम होंगे रात्रि को छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न होंगे दिनांक 31 मार्च को महाराणा प्रताप चौक जैन मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा जो गेंदा बावड़ी आजाद चौक गांधी चौक पर झंडा वंदन सम्मान समारोह एवं प्रवचन होंगे दोपहर में गेम्स प्रतियोगिता होगी। सांस्कृतिक सचिव ने बताया कि रात्रि में महिलाओं द्वारा शानदार धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ-साथ महोत्सव का प्रमुख आकर्षण तंबोला का आयोजन होगा महावीर जन्म कल्याणक समारोह समिति के अध्यक्ष अर्पित सोनी जैन, सचिव मनीष जैन ने समाजजनों से निवेदन किया है कि दो दिवसीय आयोजन में सभी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रभु महावीर के प्रति अपने समर्पण भाव को दर्शाते हुए कार्यक्रम को सफल बनावे सहसचिव चंदू पाटोदी कोषाध्यक्ष नितिन सरनोत तथा समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि चल समारोह में जैन धर्म आधारित छोटे-छोटे बच्चों द्वारा धार्मिक वेश धारण कर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे तथा धार्मिक नाटिकाओं के माध्यम से कुरीतियों पर प्रहार करेंगे।

## गो सेवक युवा अमित विश्वकर्मा का दुखद निधन

**सुसनेर।** नगर के स्थानीय निवासी मोहनलाल विश्वकर्मा के सुपुत्र एवं युवा गो सेवक अमित विश्वकर्मा का आज दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर जैसे ही नगर में फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले अमित अपने सरल स्वभाव और सेवा भाव के लिए जाने जाते थे। अमित विश्वकर्मा लंबे समय से सड़कों पर विचरण करने वाली गौ माता की सेवा में निरंतर समर्पित थे। वे दिन-रात बिना किसी स्वार्थ के गौ सेवा में लगे रहते थे, जिसके कारण नगर में उनकी एक विशेष पहचान बन गई थी। उनके इस सेवा भाव ने उन्हें समाज के बीच एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मुक्तिधाम पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजेश जागीरदार, राकेश जैन, जिला सह व्यवस्था प्रमुख त्रिलोक जायसवाल एवं मुकेश हरदेनिया सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अमित के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को याद किया।

## बीकेएसएन कॉलेज के सामने अज्ञात बाइक की टक्कर से दो महिलाएं घायल

**शाजापुर।** शहर के बीकेएसएन कॉलेज के सामने बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां सड़क पार कर रही दो महिलाओं को एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका फिलहाल अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाएं बीकेएसएन कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग से सड़क पार कर रही थीं, तभी अचानक एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को संभाला और बिना देरी किए उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुना पुलिस की नशा माफियाओं पर सख्त कार्यवाही

## बमोरी थाना पुलिस ने 10.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ नशा तस्कर किया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से 01 लाख रुपये कीमत की स्मैक बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा गुना जिले को नशा मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरंतर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार गुना पुलिस द्वारा नशा माफियाओं पर निरंतर ताबडतोड कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमोरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 26 मार्च 2026 के दोपहर में बमोरी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नोनेरा के कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति अपने पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा हुआ हैं। सूचना को गंभीरता लेते हुए तस्करों की धरपकड़ हेतु तत्काल बमोरी थाने से पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची जहां पर मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी दबोच लिया गया। पूछताछ पर जिसने अपना नाम नारायण पुत्र खुमान खैरुआ उम्र 50 साल निवासी ग्राम मसूरिया, थाना बमोरी जिला गुना का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती करीब 01 लाख रुपये की बरामद हुई, जिसे पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध बमोरी थाने में अप.क्र. 60/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

नशे के विरुद्ध बमोरी थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, उपनिरीक्षक बुंदेल सिंह सुनेरिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, आरक्षक महेन्द्र पटेलिया, आरक्षक राजकुमार मांझी एवं आरक्षक अंकित रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही है।

पक्षियों के साथ अब बेजुबान पशुओं की भी प्यास बुझा रही ई-गौरैया टीम

## मंदिर परिसर में रखवाई पानी की टंकी, 9 वर्षों से जारी है सेवा का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



भीषण गर्मी की शुरूआत के साथ ही बेजुबानों को राहत देने के लिए शहर की ई-गौरैया टीम ने एक बार फिर मोर्चा संभाल लिया है। वर्ष 2018 से गौरैया और अन्य पक्षियों के संरक्षण की दिशा में काम कर रही यह टीम अब पक्षियों की दाना-पानी की व्यवस्था के साथ-साथ लावारिस पशुओं की प्यास बुझाने के लिए भी आगे आई है। हाल ही में 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस पर अपने सेवा कार्यों के सफल 9 वर्ष पूर्ण करने वाली ई-गौरैया टीम ने इस ग्रीष्मकाल में एक नई पहल शुरू की है। टीम द्वारा शहर के विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों, सार्वजनिक उद्यानों और अन्य प्रमुख स्थलों पर पशुओं के लिए सीमेंट से बनी बड़ी पानी की टंकियां रखवाई जा रही हैं, ताकि तपती धूप में किसी भी बेजुबान जानवर को प्यासा न भटकना पड़े।

### स्मृति को दिया सेवा का रूप

इसी पुनीत अभियान के तहत बुधवार को टीम की सक्रिय सदस्य प्रभा शर्मा ने अपने स्वर्गीय पति भगवत स्वरूप शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि को एक सार्थक रूप दिया। उन्होंने तालाब की पाल स्थित महालक्ष्मी मंदिर परिसर में गोवंश और अन्य पशुओं की प्यास बुझाने के लिए सीमेंट की टंकी स्थापित करवाई।

### खुशी और गमी के मौकों पर करते हैं दान

इस अनूठी पहल के बारे में ई-गौरैया टीम के संयोजक लोकेश राठौर ने बताया कि हमारी टीम के सदस्य अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को बेजुबानों की सेवा में समर्पित करते हैं। चाहे जन्मदिन हो, विवाह की वर्षगांठ हो या फिर परिजनों की पुण्यतिथि, सदस्य इन मौकों पर फिजूलखर्ची करने के बजाय जलपात्र और टंकियां दान कर इस पुनीत कार्य में निरंतर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इस नेक और प्रेरणादायक कार्य के अवसर पर राजीव जलखरे, संजय सोनी, दीपक शर्मा, मनोज दुबे, जगदीश भावसार, आशीष सक्सेना, प्रमिला सिंदल, अफसार खान और मुरली पाटीदार सहित टीम के कई सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**जीरापुर।** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल, जीरापुर ने इस वर्ष एक बार फिर शानदार परीक्षा परिणाम प्राप्त किये। विद्यालय का कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी एवं गर्व का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 8वीं में कुल 141 विद्यार्थियों तथा कक्षा 5वीं में 80 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कक्षा 8वीं में 68 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 8वीं में साक्षी चौहान, पिता गोपाल सिंह चौहान ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 5वीं में कोमल गुर्जर, पिता प्रभुलाल गुर्जर ने 85.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस शानदार उपलब्धि पर संस्था संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह एवं प्राचार्य शैलेंद्र जोशी ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

## शंकराचार्य एवं परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन

**महिदपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अध्य गुरु शंकराचार्य एवं परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन ब्राह्मण समाज महिदपुर द्वारा मनाया जाएगा जिसमें कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सत्यनारायण शर्मा (पेटलावद) को सर्व सहमति से बनाया गया एवं महिदपुर नगर में प्रभारी संजय व्यास को सवार्नुमति से बनाया गया एवं महिला प्रभारी के रूप में उमा पांडे को नियुक्त किया गया। झारड़ा क्षेत्र के प्रभारी विजय उपाध्याय (नागपुरा), घोंसला क्षेत्र के प्रभारी नीतेश मेहता (पलवा ) को नियुक्त किया गया,। महिदपुर रोड क्षेत्र से चंद्रशेखर पंड्या (झूठावाद ) को नियुक्त किया गया । आप सभी प्रभारी एवं संयोजक से पूरे ब्राह्मण समाज को सफल आयोजन की उम्मीद है आपके नेतृत्व में समाज का आयोजन भव्य और दिव्य होगा । इस आयोजन का संचालन महेश रावल द्वारा किया गया।

## नाबालिग बालक की ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालक को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका नाबालिग बालक ब्यावरा बस स्टैंड से बिना बताए कहीं चला गया है। थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 171/26 धारा 137(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया चूंकि मामला नाबालिग से संबंधित था, पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर गहन जांच एवं तलाश की गई। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालक को सकुशल ढूंढकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर चोट पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रातः 3 बजे के करीब नाबालिग पीड़ित अपने पिता के साथ थाने पर आया एवं सूचना दी कि शाम 6.30 बजे के करीब पीड़ित नाबालिग द्वारा अपने गांव में लाइट ना होने की वजह से गांव पर ही स्थित पंप हाउस पर सिक्योरिटी का काम करने वाले देवराज सौंधिया के पास अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए दिया रात्रि 10.30 बजे जब उक्त पीड़ित नाबालिग अपना मोबाइल वापस लेने गया तो आरोपी देवराज द्वारा पंप हाउस की ऊपर की लाइट बंद करने का बहाना कर उक्त पीड़ित को अपने साथ ऊपर बने कमरे में ले गया जहां आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़ित के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर चोट पहुंचाई। नाबालिग से संबंधित अपराध पाए जाने से अपराध क्र. 176/26, धारा 115(2) बीएनएस 3, 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की और आरोपी की तलाश में जुटी। पुलिस टीम ने आरोपी देवराज पिता धीरप सौंधिया 25 साल निवासी ग्राम रोज्या को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करते हुए आरोपी ने अप्राकृतिक कृत्य करना बताया, जिसके पश्चात उसे गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।







## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन सी है?
उत्तरः मंदारिन (चीनी)
- शरीर के कौन से दो अंग जीवन भर बढ़ते रहते हैं?
उत्तरः नाक और कान
- विश्व का सबसे बड़ा 'लोकतंत्र' कौन सा है?
उत्तरः भारत
- टेलीविजन का आविष्कारक कौन है?
उत्तरः जॉन लोगी बेयर्ड
- विश्व का सबसे बड़ा पठार कौन सा है?
उत्तरः तिब्बती पठार
- रक्तचाप मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
उत्तरः स्फिग्मोमैनोमीटर
- कौन सा रंग शांति का प्रतीक है?
उत्तरः सफेद
- माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक कौन हैं?
उत्तरः बिल गेट्स
- प्रथम विश्व युद्ध किस वर्ष शुरू हुआ?
उत्तरः 1914
- भारत ने कितने क्रिकेट विश्व कप जीते हैं?
उत्तरः 2
- ग्लोबल वार्मिंग किस प्रकार की गैस की अधिकता के कारण होती है?
उत्तरः कार्बन डाइऑक्साइड
- ताश के एक पूरे पैकेट में कितने पत्ते होते हैं?
उत्तरः 52
- विश्व के सबसे बड़े वर्षा वन का नाम क्या है?
उत्तरः अमेजन
- कौन सा अफ्रीकी देश चॉकलेट के लिए प्रसिद्ध है?
उत्तरः घाना

समर वेकेशन में बच्चे एंजॉय करें और कुछ नयी बातें सीखें तो उनको इन कामों में जरूर इंवॉल्व करें. गर्मी की छुट्टियों को मजेदार बनाने के लिये ये सबसे आसान एक्टिविटी हैं

# गर्मी में बच्चों को बिजी रखने के बेस्ट 5 तरीके, सीखेंगे अच्छी बातें

गर्मी के दिन लंबे होते हैं और तेज धूप की वजह से ज्यादा बाहर भी नहीं जा सकते. ऐसे में स्कूल बंद होने पर बच्चे बहुत बोर होते हैं और कई बार वो पैरेंट्स को भी इरिटेट करते हैं. अगर आप चाहते हैं कि बच्चों के समर वेकेशन क्रियेटिव और फन वे में पास हों तो उनके लिये इन कामों को प्लान कर सकते हैं.

### एक्टिविटी में एंगेज करें

गर्मी की छुट्टियों में बेस्ट टाइम होता है बच्चे की रुचि को बढ़ावा देने का. स्कूल टाइम में तो बच्चों को फुरसत मिलती नहीं लेकिन समर वेकेशन में उनकी हॉबी के मुताबिक एक्टिविटी जरूर करायें. बच्चों को डांस, गिटार, जूडो कराटे, स्केटिंग या किसी दूसरी एक्टिविटी में डाल सकते हैं

### फैमिली टाइम

समर वेकेशन बेस्ट टाइम है फैमिली और फ्रेंड से बॉन्डिंग बढ़ाने का. इस दौरान आप अपने किसी फ्रेंड या रिश्तेदार के घर जा सकते हैं जिनके बच्चे आपके बच्चों के साथ के हों. इससे एक आउटिंग भी हो जायेगी और फैमिली में क्लोजनेस भी बढ़ेगी. साथ ही आप अपने फ्रेंड या फैमिली मेंबर के बच्चों को कुछ दिन के लिये घर बुला सकते हैं

### समर कैंप

आजकल हर जगह गर्मियों में समर कैंप लगते हैं जिनमें बच्चों के लिये बहुत सारी फन और लर्निंग एक्टिविटी होती है. आप बच्चों को इन समर कैंप में बच्चों को एनरोल करा सकते हैं. ये 1 हफ्ते से लेकर 15 दिन की एक्टिविटी होती है जिसमें बच्चे बहुत एंजॉय करते हैं.

### दादी-नानी के घर जरूर जायें

अगर बच्चों के दादा दादी या नाना नानी साथ नहीं रहते तो बेस्ट टाइम हैं उनसे बच्चों को मिलवाने का. अगर आप भी बच्चों के साथ जा सकते हैं तो बहुत अच्छा नहीं तो सिर्फ बच्चों को 8-10 दिन के लिये दादी या नानी के घर जरूर भेजे. इससे बच्चे बिजी भी रहेंगे और बड़ों की संगति में रहने से कुछ अच्छी बातें भी सीखेंगे.

### स्विमिंग और वाटर पार्क

गर्मी में बच्चों को सबसे ज्यादा मजा आता है पानी में रहने में. अगर आप जहां रहते हैं वहां स्विमिंग पूल है तो रोजाना बच्चों को स्विमिंग करायें. ये उनके लिये मजेदार वर्कआउट भी है और फन भी. साथ ही आप 2-4 बार बच्चों के साथ वाटर पार्क जा सकते हैं.




### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ





## Sport

आईपीएल 2026 का 19वां सीजन आज 28 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसमें गतग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगी। हर बार की तरह क्रिकेट प्रशंसक बड़े स्कोर और गेंदबाजी तथा बल्लेबाजी के बीच बेहतर प्रतिस्पर्धा देखना चाहेंगे। शनिवार को होने वाले पहले मैच के साथ ही पूरे देश में टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा मेला फिर से सज जाएगा।

# आईपीएल 2026 के लिए तैयार सभी 10 टीमें, क्या आरसीबी बचा पाएगी खिताब? दिग्गजों पर नजरें

दुनिया की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट लीग आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज शनिवार से होने जा रहा है। 10 टीमें करीब दो महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस टूनार्मेंट को जीतने के लिए जोर लगाएंगी। सबसे ज्यादा चुनौती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आईपीएल) के लिए होगी क्योंकि उसके सामने खिताब बचाने की जिम्मेदारी है। क्या आरसीबी की टीम ऐसा कर सकेगी जिसने पिछले साल 18 सीजन का खिताबी सूखा समाप्त किया था। वहीं, आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीमें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस भी ट्रॉफी के लिए जोर लगाएगी।

### उद्घाटन मैच में आरसीबी-सनराइजर्स की होगी भिड़ंत

कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली थी। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। आरसीबी टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरूआत करना होगा।



### सीएसके, मुंबई और केकेआर को प्रदर्शन में करना होगा सुधार

सीएसके और मुंबई इन दोनों टीमों ने पांच-पांच बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया है। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम तीन बार विजेता बन चुकी है। ये तीनों टीमें अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और 10वें स्थान पर रहे थे। मुंबई और सीएसके के पास एक और ट्रॉफी जीतकर आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीम बनने का मौका रहेगा।

### बदलाव के साथ उतरेंगी टीमें

सीएसके और केकेआर जैसी टीमों ने काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है।

सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवतः आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है।

केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलेन, रचिन रवींद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है।

कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उपकप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी।

गेंदबाजी में केकेआर के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।

### तीन टीमों ने कभी नहीं जीता खिताब

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। पिछली प्रतियोगिताओं की तरह इस बार भी कई ऐसे खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इन खिलाड़ियों में दिल्ली कैपिटल्स के औकिब नबी, राजस्थान रॉयल्स के कार्तिक शर्मा, सीएसके के प्रशांत वीर आदि शामिल हैं। क्या वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे या फिर जाने-माने खिलाड़ियों की ही तूती बोलेगी, अगले 65 दिनों में इसका जवाब मिल जाएगा।

# आरसीबी को झटका, इस कारण शुरूआती चरण से बाहर हुए तुषारा

**बंगलूरू।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच से पूर्व करारा झटका लगा है। टीम के श्रीलंकाई तेज गेंदबाज नुवान तुषारा शनिवार से शुरू हो रहे टूनार्मेंट के शुरूआती चरण से बाहर हो गए हैं। दरअसल, तुषारा फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके हैं जिस कारण उन्हें श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से आईपीएल खेलने के लिए अनापत्ति प्रमात्र पत्र (एनओसी) नहीं मिला है।

### कोच ने हेजलवुड के पहला मैच नहीं खेलने की पुष्टि की

यश दयाल पहले ही टीम में नहीं हैं और जोश हेजलवुड के भी शुरूआती चरण में खेल पाने की संभावना नहीं है। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्पष्ट किया है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हेजलवुड नहीं खेलेंगे। वहीं, ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार तुषारा श्रीलंका क्रिकेट के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहे हैं। फिटनेस के मानदंडों पर खरा नहीं उतर पाने के कारण उन्हें श्रीलंका क्रिकेट से एनओसी नहीं मिला है।

### तुषारा पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा

रिपोर्ट के अनुसार तुषारा श्रीलंका क्रिकेट के फिटनेस टेस्ट में 29 में से न्यूनतम 17 अंक हासिल नहीं कर सके। उन्हें चार पांच दिन बार फिर से टेस्ट देने का मौका मिलेगा लेकिन उसमें नाकाम रहने पर उन्हें पूरे सत्र से बाहर रहना पड़ सकता है।

# धोनी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते नहीं देखना चाहते अश्विन

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल 2026 में महेंद्र सिंह धोनी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं खेलना चाहिए। अश्विन का कहना है कि अगर धोनी बतौर इम्पैक्ट खिलाड़ी खेलते हैं, तो उन्हें पूरा सीजन नहीं खेलना चाहिए।

मालूम हो कि पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बल्लेबाजी करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा था। 14 मुकाबलों में धोनी 135 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए सिर्फ 196 रन ही बना सके थे। पूरे सीजन में धोनी एक अर्धशतक तक नहीं लगा सके थे। धोनी के इस फैसले की आलोचना भी हुई थी। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के बाहर होने के बाद धोनी पिछले सीजन कप्तानी करते हुए भी नजर आए थे।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**

क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है

पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**

होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.

पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**

गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।

मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा

संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**

कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की

संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**

पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।

मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**

होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ

10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**

1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए

संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग

सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**

करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।

बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### उधारी विवाद में दोस्त की हत्या

**इंदौर।** इंदौर में गुरुवार को सनसनी फैल गई। रावजी बाजार क्षेत्र में उधारी के विवाद में युवक की उसके ही दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

**उधारी के 3 लाख बने हत्या की वजहः** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में कालू उर्फ फिरोल (निवासी पठान मोहल्ला) की हत्या उसके दोस्त अरबाज ने कर दी। घटना गुरुवार रात की है। पुलिस ने देर रात आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या करना कबूल किया।

### परिचित ने सिम लेकर महिला के खाते से उड़ाए 18 लाख

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सीतलामाता बाजार निवासी मनीषा बेड की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

महिला ने बताया कि उसके परिचित सुनील बुच्चा (निवासी जोरहाट, असम) ने उसके नाम से सिम कार्ड लिया और उसी के जरिए बैंकिंग जानकारी हासिल कर ली। आरोपी ने ऑनलाइन डराकर-धमकाकर और झांसे में लेकर करीब 18 लाख 9 हजार रुपए उसके खाते से अपने और रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर लिए।

टीआई राजकुमार लिटोरिया के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन डिटेल्स और आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर रही है।

### एसी फिटिंग के दौरान किशोर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोर की जान चली गई। स्नेहलतागंज स्थित श्री हरि बिल्डिंग में अउ लगाने के दौरान किशोर ऊंचाई से गिर गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक नैतिक उर्फ नारायण (15) पिता कमल चौहान, कुलकर्णी का भट्टा क्षेत्र का रहने वाला था। वह ठेकेदार मुकेश मोर्य के साथ अउ फिटिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बिल्डिंग से नीचे गिर गया।

जांच में सामने आया है कि नैतिक नाबालिग था, इसके बावजूद उससे ऊंचाई पर काम कराया जा रहा था। काम के दौरान उसकी सुरक्षा के लिए न तो सेफ्टी बेल्ट दी गई थी और न ही हेलमेट पहनाया गया था। पुलिस का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो इस हादसे को टाला जा सकता था। मामले में ठेकेदार मुकेश मोर्य और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### सुनसान सड़क पर हमला, युवक को पीटकर मोबाइल-नकदी लूटी

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। एक्टिवा सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोककर पहले मारपीट की और फिर मोबाइल, बैग व नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक फरियादी राहुल सिंह लोधी, जो वर्तमान में कुशवाह नगर क्षेत्र में रहते हैं, रात करीब 1:40 बजे इंदौर कॉन्वेंट स्कूल के पास से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आए एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने उनकी गाड़ी के सामने वाहन लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने राहुल से सामान देने को कहा। मना करने पर तीनों ने उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उनके होंठ के अंदर चोट आई। इसके बाद बदमाशों ने उनका काले रंग का बैग छीन लिया, जिसमें कपड़े, आधार कार्ड और पैन कार्ड रखा था। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उनकी जेब में रखे 3 से 4 हजार रुपए और हाथ में रखा मोबाइल फोन भी छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

### जनहित पार्टी का तीन दिनी धरना प्रदर्शन शुरू

**इंदौर।** किसानों को फसलों का लाभकारी समर्थन मूल्य (टरढ) दिलाने की मांग को लेकर जनहित पार्टी ने शुक्रवार, 27 मार्च से तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तिराहे पर जुटे हुए हैं और शाम 5 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी पिछले 15 दिनों से शहर की अनाज मंडी में किसानों के समर्थन में जनजागरण अभियान चला रही है। जनहित पार्टी का आरोप है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य ₹2700, धान ₹3100 और सोयाबीन ₹6000 देने का वादा किया था, लेकिन किसानों को अब भी इससे कम दाम मिल रहे हैं। वर्तमान में गेहूं ₹2625, धान ₹2409 और सोयाबीन ₹5328 प्रति क्विंटल तक ही बिक रहा है।

पार्टी ने आंकड़ों के जरिए असमानता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 30 साल पहले कलेक्टर का वेतन ₹4000 था, जो अब करीब ₹2 लाख हो गया है, जबकि सांसद का वेतन ₹4000 से बढ़कर ₹3 लाख तक पहुंच गया है। इसके मुकाबले गेहूं का भाव ₹380 से बढ़कर सिर्फ ₹2625 प्रति क्विंटल तक ही पहुंचा है।

पार्टी अध्यक्ष स्वप्लिन जोशी ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

29 मार्च को मिलेगी अमृत 2.0 की सौगात

# मुख्यमंत्री करेंगे जल परियोजनाओं का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की पेयजल व्यवस्था को आधुनिक और दीर्घकालिक बनाने की दिशा में नर्मदा चतुर्थ चरण के अंतर्गत 1356 करोड़ रुपए के तीन पैकेजों का भूमिपूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मार्च को सुबह 10 बजे दशहरा मैदान पर करेंगे। साथ ही सिरपुर में 20 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री करेंगे।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। यह केवल आधारभूत संरचना का विकास नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर से जुड़ा एक व्यापक प्रयास है।

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत इस परियोजना से इंदौर में 24७7 जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त 400 एमएलडी जलापूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।



### पैकेज-2 : पाइपलाइन और टनल निर्माण

परियोजना के पैकेज-2 के अंतर्गत वांचू पॉइंट से राऊ सर्कल तक 2235 मिमी व्यास की लगभग 39 किलोमीटर लंबी ग्रेविटी मेन पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जो शहर के विभिन्न हिस्सों तक जल आपूर्ति सुचारू रूप से करेगी।

साथ ही 3 प्रमुख स्थानों पर लगभग 2870 मीटर लंबाई में आधुनिक तकनीक से टनल का निर्माण किया जाएगा। राऊ सर्कल पर क्लोरीनेशन सिस्टम की स्थापना कर जल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मिल सके। इस पैकेज की लागत 448.23 करोड़ रुपए है और कार्य 30 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### करीब 2.47 लाख नए घरेलू कनेक्शन

पैकेज-3 के अंतर्गत लगभग 1.26 लाख घरेलू जल कनेक्शन दिए जाएंगे और 1.08 लाख से अधिक वाटर मीटर लगाए जाएंगे, जिससे 24७7 दबावयुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। इसकी लागत 410.50 करोड़ रुपए है और कार्य 36 माह में पूरा करने का लक्ष्य है।

पैकेज-4 के तहत लगभग 1.21 लाख घरेलू जल कनेक्शन दिए जाएंगे तथा 1.62 लाख से अधिक वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इससे जल वितरण प्रणाली और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं स्मार्ट बनेगी। इस पैकेज की लागत 497.23 करोड़ रुपए है और कार्य 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।

### पैकेज-3 और 4 : जल वितरण व्यवस्था होगी मजबूत

पैकेज-3 और 4 के तहत शहर की जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। कुल 40 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे और 76 पुराने टैंकों का उन्नयन किया जाएगा।

पैकेज-3 में 15 से 35 लाख लीटर क्षमता के 20 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे तथा 29 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन्हें जोड़ने के लिए 400 से 600 मिमी व्यास की लगभग 27.4 किलोमीटर लंबी फीडर पाइपलाइन और 1200 मिमी व्यास की 4.7 किलोमीटर ग्रेविटी मेन लाइन बिछाई जाएगी।

पैकेज-4 में 685 किलोमीटर लंबी डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी, जिसमें डीआई और एचडीपीई पाइपलाइन शामिल होंगी। इसके साथ ही 20 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे और 46 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। 400 से 700 मिमी व्यास की लगभग 25.82 किलोमीटर लंबी फीडर लाइन और लगभग 892 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन भी विकसित की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने युवकों को टक्कर मारी

एक्टिवा सवार दोनों 30 फीट दूर जा गिरे, एक की मौत





दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार हादसा एमजी रोड पर हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने पीछे से एक्टिवा को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक करीब 30 फीट दूर जाकर फुटपाथ पर गिर पड़े।

खजराना निवासी 23 वर्षीय अनस अब्बासी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 32 वर्षीय जुबेर के दोनों पैरों में फ्रैक्चर आया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार, कार जब्त

मौके पर पहुंची तुकोगंज पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया और कार जब्त कर ली। जांच में कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी होने की जानकारी सामने आई है।

### फोटोग्राफी का काम करता था अनस

अनस अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और फोटोग्राफी का काम करता था। उसके पिता की दो साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है।

### घायल युवक की जल्द होने वाली थी शादी

घायल जुबेर कार डेकोरेशन का काम करता है। परिजनों के अनुसार उसकी 20 दिन बाद शादी तय थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर 3 साल तक करता रहा दुष्कर्म

## टैलीकॉलर की नौकरी के दौरान हुई पहचान, फ्लैट पर बुलाकर बनाए संबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 30 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले युवती से दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मिलन सिंह पुत्र मेहताब सिंह सिसौदिया, निवासी करुणा अपार्टमेंट कनाड़िया के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता एक निजी कोचिंग संस्थान में टेलीकॉलर के रूप में काम करती है। करीब तीन साल पहले कोचिंग से जुड़े काम के दौरान उसने आरोपी को कॉल किया था, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई।

धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बातचीत व्हाट्सएप पर होने लगी। वर्ष 2024 में आरोपी ने युवती से प्रेम का इजहार करते हुए शादी करने का वादा किया। उसने यह भी कहा कि उसने अपने परिवार से इस बारे में बात कर ली है।

आरोप है कि इसी विश्वास में आकर युवती ने आरोपी को अपने फ्लैट पर मिलने बुलाया, जहां उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी कई बार मिलने आया और संबंध बनाता रहा।

कुछ समय बाद जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने परिवार के मना करने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिया। खुद के साथ धोखा होने का एहसास होने पर युवती ने अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।




# नकली प्लायवुड बेचने के मामले में कॉपीराइट एक्ट में केस दर्ज

### कोलकाता की कंपनी ने दर्ज कराया कॉपीराइट एक्ट में केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में नकली प्लायवुड बेचने के मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि नामी ब्रांड से मिलते-जुलते नाम का इस्तेमाल कर ग्राहकों को भ्रमित किया जा रहा था और अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाया जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक कोलकाता निवासी चेतना खन्ना (47) ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि उनकी कंपनी 'ग्रीन टच (ग्रीन टच लेमिनेट्स)' के नाम से मिलते-जुलते नाम का उपयोग कर इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित देहली ट्रेडिंग कंपनी द्वारा प्लायवुड बेचा जा रहा था।

इसके अलावा 'सेंचुरीप्लाई' ब्रांड से मिलते-जुलते नाम का उपयोग कर ज्योति प्लाईवुड द्वारा भी ग्राहकों को भ्रमित करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार इससे उनकी कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

मामले में राजवंत सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी जावरा कम्पाउंड सहित संबंधित फर्मों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 51 और 63 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में बड़ी मात्रा में नकली प्लायवुड मिलने की भी बात सामने आई है।



### सिंगापुर सिटी में सट्टे पर पुलिस की दबिश, 9 गिरफ्तार; मोबाइल-डायरी सहित कैश जब्त

इंदौर के एरोड्रम थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंगापुर सिटी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से सट्टा खेलते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में रितेश, योगेश, शेखर, पंकज, दिनेश, प्रदीप, महेश और शिवराम शामिल हैं। सभी आरोपी मौके पर सट्टा संचालित करते पाए गए और पुलिस को वहां से सट्टे का पूरा हिसाब-किताब भी मिला है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन, 7 कैलकुलेटर, लाखों रुपए के सट्टे की लिखापढ़ी वाली डायरियां और 16,700 रुपए नगद जब्त किए हैं।

फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उनका नेटवर्क किन-किन लोगों से जुड़ा हुआ है। साथ ही सट्टे के बड़े कनेक्शन भी खंगाले जा रहे हैं।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com